●वर्ष : 16 ●अंक : 228 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928


# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित बुधवार 11 दिसम्बर 2024





Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


## समाचार

### देश को अस्थिर करना चाहता है विपक्ष

## संसद में हो रहे हंगामे पर जेपी नड्डा का वार



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** संसद में हुए हंगामें के बाद एक बार फिर संसद के दोनों सदनों को कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया है. ऐसे में जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष देश को अस्थिर करना चाहता है. इतना ही नहीं उन्होंने कांग्रेस-सोरोस के लिंक पर भी राज्यसभा में सवाल उठाया. जेपी नड्डा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारा देश सुरक्षित है। संसद में हो रहे हंगामों को लेकर संबित पात्रा ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष संसद को चलने नहीं दे रहा है. मुझे लगता है कि वे लोकतंत्र को समझने में गलत हैं. नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को मास्क पहनकर लोगों की रिकॉर्डिंग करते देखना आश्चर्यजनक था. विपक्ष के नेता का व्यवहार ऐसा नहीं होता. राहुल गांधी को नहीं पता कि विपक्ष के नेता को कैसे व्यवहार करना चाहिए. आज हम देख सकते हैं कि समाजवादी पार्टी राहुल गांधी का सम्मान नहीं करती और कहती है कि वे उन्हें क्ळउक्र गठबंधन का नेता नहीं मानते वे मल्लिकार्जुन खरगे को INDI गठबंधन का नेता मानते हैं. TMC ने राहुल गांधी के नेतृत्व में INDI गठबंधन के स्ट्राइक रेट के बारे में बात की है. कुछ नेताओं ने ममता बनर्जी को INDI गठबंधन के नेता के रूप में पेश करने की बात की है. क्या राहुल गांधी अभी भी INDI गठबंधन पर कायम हैं या वो INDI गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता में नहीं हैं। बता दें कि मंगलवार को लोकसभा में हंगामें के बाद सदन को स्थगित कर दिया गया था. लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही स्पीकर ओम बिरला ने संसद परिसर में पोस्टरों के साथ किए जा रहे विपक्ष के प्रदर्शन पर ऐतराज जताया था। उन्होंने बड़े दुखी मन से कहा कि जिस तरह से संसद की मयार्दा तोड़ी जा रही और विपक्ष के वरिष्ठ नेता इसमें शामिल हो रहे हैं, यह बेहद अशोभनीय है।

### सिद्धरमैया ने वायनाड में भूस्खलन के बाद आवासों के लिए जमीन खरीदने की पेशकश की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन को पत्र लिखकर कहा है कि उनकी सरकार वायनाड में विनाशकारी भूस्खलन से प्रभावित परिवारों के लिए आवासों का निर्माण करने के लिए जमीन खरीदने को तैयार है। सिद्धरमैया ने नौ दिसंबर को लिखे अपने पत्र में प्रभावित परिवारों की मदद के लिए 100 आवासों को दान करने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। गत जुलाई माह में घटी भूस्खलन की घटना के बाद सिद्धरमैया के वायनाड दौरे के समय यह घोषणा की गई थी। सिद्धरमैया ने इस बात पर जोर दिया कि इस पहल का उद्देश्य उन लोगों के लिए एक सुरक्षित और स्थिर वातावरण प्रदान करना है जिन्होंने अपने घर, आजीविका और प्रियजनों को इस आपदा में खो दिया।

# मोहम्मद अल-बशीर बने सीरिया के अंतरिम प्रधानमंत्री, असद का खेल खत्म

नूना न्यूज एजेंसी।

**सीरिया।** मोहम्मद अल-बशीर को 1 मार्च, 2025 तक संक्रमणकालीन सीरियाई सरकार का कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। दमिश्क में 12 दिनों तक चले बिजली के हमले से पहले अल-बशीर ने विद्रोहियों के नेतृत्व वाली साल्वेशन सरकार चलाई थी। पूर्व राष्ट्रपति असद को उखाड़ फेंकने के लिए 12 दिवसीय आक्रमण शुरू करने से पहले बशीर पहले विद्रोहियों के कब्जे वाली एक छोटी सी जगह में प्रशासन चलाते थे। वह इस्लामी समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) की देखरेख वाली संस्था में थे। आने वाले संक्रमणकालीन प्रधान मंत्री ने साल्वेशन सरकार का भी नेतृत्व किया, जिसने केवल उत्तर-पश्चिमी सीरिया और इदलिब के कुछ हिस्सों पर शासन किया। जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, हालांकि अधिकतर दुकानें और सार्वजनिक संस्थान बंद रहे। सड़कों पर कुछ लोग अब भी जश्न मना रहे हैं। यातायात फिर से शुरू हो गया, लेकिन कोई सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध नहीं है।

**इजरायल ने उतार दिए टैंक, हिल गई दुनिया**

सीरिया में विद्रोही गुट यानी रिबेल ग्रुप ने सीरिया के कई शहरों पर कब्जा जमा लिया है। रिबेल ग्रुप ने 7 दिसंबर को कहा कि उन्होंने उत्तरी और मध्य सीरिया के बाद इसके ज्यादातर दक्षिणी हिस्से पर भी कब्जा जमा लिया है। बशर अल असद रूस पहुंच गए हैं और अपने परिवार के साथ पहुंचे हैं। अपने परिवार के साथ वो पहुंचे हैं। यहां उन्हें राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने मानवीय आधार पर शरण दे दी है। रूस ने ये भी कहा कि वो सीरिया विवाद के राजनीतिक समाधान का समर्थन करता है।

इजराइल ने ईरान और लेबनान के प्रमुख सहयोगी असद के सत्ता से बेदखल होने का स्वागत किया, लेकिन आगे क्या होगा इस पर चिंता व्यक्त की। इजराइल का कहना है कि उसके सुरक्षाबलों ने सीरिया के अंदर एक बफर जोन पर अस्थायी



रूप से कब्जा कर लिया है, जो 1974 के समझौते के अनुसार है। इजराइल के विदेश मंत्री गिडिअन सार ने कहा कि हमारा एकमात्र हित इजराइल और उसके नागरिकों की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से इजराइली सुरक्षा बलों ने इन हथियारों को हमला कर नष्ट कर दिया, ताकि ये चरमपंथियों के हाथ न लग सकें।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



# इंडिया गठबंधन में बढ़ती दरारें और मुश्किलें

विपक्षी गठबंधन इंडिया की उलटी गिनती का क्रम रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं। दिल्ली, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल से आ रही खबरों से साफ होता है कि इंडिया गठबंधन इंडिया में सब कुछ सही नहीं चल रहा। लगातार चुनावी नाकामियों से पैदा हुई बेचैनी गठजोड़ पर भारी पड़ रही है। एक-दूसरे के खिलाफ असंतोष, दोषारोपण और बयानबाजी विपक्ष एकता के लिए बिल्कुल भी शुभ संकेत नहीं, जो गठबंधन की मुश्किलें बढ़ाने का ही सबब है। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रभावी प्रदर्शन एवं परिणामों के कारण ही वह अधिकारपूर्वक इंडिया का नेतृत्व अपने हाथों में लेकर गठबंधन की अगुआई करने में सक्षम हो पायी। लेकिन कांग्रेस की ओर से ऐसी कोई मजबूत एवं प्रभावी पहल बाद में हुए हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर आदि प्रांतों के चुनावों में देखने को नहीं मिली, राज्यों के विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन का हिस्सा होते हुए भी पार्टियों ने अपनी क्षेत्रीय जरूरत को सर्वोपरि रखते हुए फैसले लिए जो गठबंधन की प्रतिबद्धताओं पर प्रश्न लगाती है। अडाणी मुद्दे को लेकर शीतकालीन संसद सत्र में इंडिया गठबंधन में दरार दिखने लगी है। अडानी के मुद्दें पर कांग्रेस और राहुल गांधी लगातार संसद में हंगामा कर रहे हैं, सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। वहीं, अडानी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी और टीएमसी कांग्रेस से अलग अपना रुख दिखाते हुए आम सहमति नहीं बना पा रहे हैं। वैसे भी ये दोनों दल ही 66 सांसदों के साथ गठबंधन के मजबूत आधार है। निश्चित रूप से कांग्रेस के मुद्दों से इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल ही कांग्रेस से दूरी बना रहे हैं। भाजपा जब कांग्रेस से मुकाबले में होती है तब उसका प्रदर्शन सबसे अच्छा रहता है। जबकि क्षेत्रीय नेताओं के मुकाबले राहुल का जादू फीका पड़ता है। इसके उदाहरण हैं झारखंड के हेमंत सोरेन का शानदार प्रदर्शन और बंगाल की ममता बनर्जी जिन्होंने उपचुनाव में सारी सीटें जीत ली। हरियाणा विधानसभा चुनावों में हमने देखा कि इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन की बातचीत टूटने के बाद से कांग्रेस के जीत के सपनों को सेंध लगी थी और वहां भाजपा ने शानदार जीत हासिल करते हुए सरकार बनाने में कामयाब रही। महाराष्ट्र में भी इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। आप ने तो कांग्रेस से दूरी बनायी ही है, अन्य दल भी दूरियां बना रहे हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले ही कांग्रेस एवं आप के बीच सहमति नहीं पायी है। आप ने समझ लिया है कि गठबंधन से कांग्रेस को ही फायदा अधिक होता है। इस तरह गठबंधन के टूटन से भाजपा की निराशा के बादल कुछ सीमा तक पहले भी छंटते हुए दिखाई दिये हैं।


**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM


# सरवन सिंह पंढेर का ऐलान- 14 दिसंबर को फिर से शुरू करेंगे दिल्ली मार्च

## नहीं माने किसान

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** किसानों ने सरकार की ओर से बातचीत के लिए निमंत्रण न मिलने का हवाला देते हुए 14 दिसंबर को एक बार फिर दिल्ली मार्च करने की योजना की घोषणा की है। किसान नेताओं ने कहा कि 101 किसानों का एक समूह इस विरोध प्रदर्शन के तहत दिल्ली जाएगा। इस कदम का उद्देश्य न्यूनतम समर्थन मूल्य और ऋण माफी के लिए कानूनी गारंटी सहित अपनी मांगों के लिए सरकार पर दबाव डालना है।



किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने घोषणा की कि शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसान 14 दिसंबर को एक बार फिर दिल्ली की ओर मार्च करेंगे। पंधेर ने कहा कि उनके विरोध प्रदर्शन को अब 303 दिन हो गए हैं और न्याय की मांग को लेकर किसानों का अनशन 15वें दिन पर पहुंच गया है। पंधेर ने इस बात पर जोर दिया कि किसान हमेशा बातचीत के लिए खुले हैं, लेकिन उनके प्रयासों के बावजूद सरकार ने उनसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हमने हमेशा बातचीत का स्वागत किया है, लेकिन सरकार की ओर से किसी ने भी हमसे संपर्क नहीं किया है। उन्होंने कहा कि कल (बुधवार) हम अपने आंदोलन की सफलता के लिए प्रार्थना करेंगे। हम उन किसानों की रिहाई की भी मांग करते हैं जिन्हें विरोध प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार या हिरासत में लिया गया है। पंधेर ने फिल्मी सितारों, गायकों और धार्मिक नेताओं से विरोध को प्रचारित करके उनके मुद्दे का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं उनसे हमारे हित के लिए आवाज उठाने का अनुरोध करता हूं। किसान 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए है। उस समय सुरक्षा बलों ने उन्हें दिल्ली जाने से रोक दिया गया था। किसान एमएसपी के अलावा कर्ज माफी, किसानों एवं खेत मजदूरों के लिए पेंशन और बिजली दरों में बढ़ोतरी न करने की मांग कर रहे हैं। किसान 2021 की लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और 2020-21 में पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा दिए जाने की भी मांग कर रहे हैं।

## फतेहपुर में अतिक्रमण करके बनाई गई मस्जिद का एक हिस्सा ढहाया गया




नूना न्यूज एजेंसी।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में अतिक्रमण की जद में आए ललौली कस्बा के सदर बाजार स्थित नूरी जामा मस्जिद के पीछे का हिस्सा आज मंगलवार सुबह तोड़ दिया गया। इस बीच पीएसी समेत भारी पुलिस बल मुस्तैद रहा। बता दें ललौली कस्बा के सदर बाजार स्थित नूरी जामा मस्जिद अतिक्रमण की जद में आने पर मस्जिद कमेटी को पीडब्ल्यूडी विभाग ने नाला निर्माण के लिए सर्वे के दौरान बीते 24 सितंबर 2024 को नोटिस दी थी। जिस पर मस्जिद कमेटी ने अतिक्रमण हटाने के लिए एक माह का समय मांगा था। इस सर्वे में 133 मकान व दुकानें भी अतिक्रमण की जद में आई थी। एक माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद मंगलवार को एडीएम व एएसपी की मौजूदगी में सुबह बुलडोजर से मस्जिद का पिछला हिस्सा ढहाया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पीएसी व आरएएफ पुलिस बल के साथ राजस्व टीम भी मौजूद रही। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम है, अतिक्रमण की जद में आई मस्जिद का पिछला हिस्सा तोड़ा जा रहा है। इस हिस्से की वजह से नाला निर्माण कार्य नहीं शुरू हो पा रहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने क्यों कहा कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता है

## क्या है पश्चिम बंगाल का मामला

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं हो सकता है.अदालत ने यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान की. पश्चिम बंगाल सरकार ने यह याचिका कलकत्ता हाई कोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने के लिए दायर की थी, जिसमें 2010 से पश्चिम बंगाल में कई जातियों को दिए गए ओबीसी दर्जे को रद्द कर दिया गया था. सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल ने दलील दी कि यह आरक्षण धर्म के आधार पर नहीं बल्कि पिछड़ेपन के आधार पर दिया गया. कलकत्ता हाई कोर्ट ने अपना फैसला इस साल 22 मई को सुनाया था.पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच सुनवाई कर रही है। अदालत ने पांच अगस्त को हुई सुनवाई में पश्चिम बंगाल सरकार से ओबीसी लिस्ट में शामिल की गई नई जातियों के सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन और पब्लिक सेक्टर की नौकरियों में उनके अपर्याप्त प्रतिनिधित्व पर आंकड़े उपलब्ध मांगे थे। इस मामले की अगली सुनवाई सात जनवरी को होगी।

**कलकत्ता हाई कोर्ट का फैसला**

कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से मार्च 2010 से मई 2012 के बीच ओबीसी आरक्षण के लिए पारित सभी आदेश रद्द कर दिए थे.पश्चिम बंगाल सरकार ने इन आदेशों के जरिए मुसलमानों की 75 जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत आरक्षण दिया था। अदालत ने पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग अधिनियम, 2012 के तहत ओबीसी में 37 जातियों को शामिल करने वाले आदेश को भी खारिज कर दिया था. हाई कोर्ट के जस्टिस तपब्रत चक्रवर्ती और राजशेखर मंथा की डिवीजन बेंच ने कहा था कि पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग आयोग और राज्य सरकार ने आरक्षण देने के लिए धर्म को एकमात्र आधार बनाया.अदालत ने इसे संविधान और अदालत के आदेशों के खिलाफ बताया था. हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि यकीनन इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए धर्म ही आधार नजर आ रहा है. अदालत ने कहा था कि जिन लोगों को इस आरक्षण से अब तक लाभ मिल चुका है, उनकी सेवाएं इस फैसले से प्रभावित नहीं होंगी.

**पश्चिम बंगाल में ओबीसी कोटे में मुसलमानों का आरक्षण**

पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार से पहले वाम मोर्चे की सरकार ने 2010 में ओबीसी कोटा में आरक्षण के लिए 42 जातियों की पहचान की थी. इसमें 41 जातियां मुसलमानों की थीं. साल 2011 में जब ममता बनर्जी की अगुवाई में तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई तो उसने 2012 में 35 और जातियों को ओबीसी कोटे में रिजर्वेशन दिया. इनमें से 34 जातियां मुसलमानों की थीं. इस समय पश्चिम बंगाल की ओबीसी की सूची में 180 जातियां शामिल हैं।

ममता सरकार ने मार्च 2013 में पश्चिम बंगाल पिछड़ा वर्ग (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा) आरक्षण अधिनियम, 2012 की अधिसूचना जारी की. इसमें सभी 77 जातियों को ओबीसी अधिनियम की अनुसूची क में शामिल किया गया. सरकार के इस कदम को चुनौती देने वाली दो याचिकाएं हाई कोर्ट में दायर की गईं।

# सपा में मिल्कीपुर सीट पर टिकट विवाद

## पिछड़ों के नेता सूरज चौधरी ने पार्टी छोड़ी

नूना न्यूज एजेंसी।



**लखनऊ।** श्रीराम की नगरी अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में टिकट को लेकर कलह और परिवार की लड़ाई शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सूरज चौधरी ने सांसद अवधेश प्रसाद पर परिवाद का आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी है, जिसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा है। सपा नेता सुब्रत पाठक ने कहा कि सपा अध्यक्ष तो परिवार के लोगों को ही टिकट देते हैं। यही उनकी परंपरा है, बता दें कि मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव होना है सपा ने इस सीट से फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद को टिकट दिया है, जिससे समाजवादी पार्टी के पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सूरज चौधरी ने अपने 500 साथियों के साथ समाजवादी पार्टी छोड़ दी है। उन्होंने अवधेश प्रसाद पर परिवारवादी का आरोप लगाया। सूरज चौधरी ने कहा कि उन्होंने 2022 में जब अवधेश प्रसाद विधानसभा चुनाव जीते थे तो उनके लिए मेहनत की और 2024 लोकसभा चुनाव में भी जी तोड़ मेहनत की और वो सांसद बन गए। उन्होंने वादा किया था कि वो इस बार मिल्कीपुर सीट से उन्हें टिकट दिलाएंगे और अखिलेश यादव से कहेंगे लेकिन उन्हें लखनऊ बुलाकर टहलाते रहे और अपने बेटे अजीत प्रसाद को टिकट दिलवा दी। सूरज चौधरी ने सपा सांसद पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया और दावा किया सपा इस सीट पर चुनाव हारेगी।

# धनखड़ को हटाने का मकसद नहीं, फिर विपक्ष ने क्यों दिया नोटिस?

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र का मंगलवार (10 दिसंबर) को 11वां दिन है. आज राज्यसभा में विपक्ष ने सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है. विपक्ष की तरफ से राज्यसभा के सचिव पीसी मोदी को ये नोटिस दिया गया. धनखड़ पर सदन में पक्षपातपूर्ण बर्ताव करने का आरोप है. इस नोटिस पर विपक्ष की तरफ से 60 सांसदों ने साइन किए हैं. हालांकि, इस नोटिस पर कांग्रेस की वरिष्ठ सांसद सोनिया गांधी समेत कुछ पार्टियों के बड़े नेताओं ने साइन नहीं किए. ऐसे में साफ है कि अविश्वास प्रस्ताव से विपक्ष को कुछ हासिल नहीं होने वाला है. विपक्ष के कुछ सांसद भी ऑफ द रिकॉर्ड मान रहे हैं कि उनका मकसद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हटाना नहीं है, बल्कि वो सिर्फ पदेन सभापति के पक्षपातपूर्ण रवैये का विरोध जताना चाहते हैं।

राज्यसभा के इतिहास में यह पहला मौका है, जब सभापति के लिए खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है. आइए जानते हैं विपक्ष राज्यसभा सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव किस आधार पर लेकर आई है? सभापति को हटाने के लिए संविधान में क्या हैं नियम? जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के पीछे की क्या है।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा विपक्ष

**इन आरोपों में कितनी सच्चाई है?**

इन आरोपों में कितनी सच्चाई है, ये तो साफ-साफ नहीं कहा जा सकता. लेकिन विपक्ष के कई सांसद टीवी पर और कार्यवाही के दौरान सभापति के सामने पक्षपातपूर्ण रवैये का आरोप लगा चुके हैं. ताजा उदाहरण मल्लिकार्जुन खरगे का दिया जा सकता है।

संसद की कार्यवाही के पहले दिन 25 नवंबर को विपक्षी नेताओं ने चिल्लाकर कहा कि लीडर ऑफ अपोजिशन को बोलने दीजिए. इस पर धनखड़ ने कहा, "हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे हैं. उम्मीद है आप इसकी मयार्दा रखेंगे." इस पर खरगे ने जवाब दिया, "इन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा, "राज्यसभा सभापति का आचरण अस्वीकार्य है. वह इखढ के किसी प्रवक्ता से ज्यादा वफादार दिखने का प्रयास कर रहे हैं." रमेश ने कहा, "राज्यसभा के माननीय सभापति द्वारा अत्यंत पक्षपातपूर्ण तरीके से उच्च सदन की कार्यवाही का संचालन करने के कारण INDIA गठबंधन के सभी घटक दलों के पास उनके खिलाफ औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव लाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था। संसद के बाहर कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा, "मैंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में कभी इतना पक्षपाती सभापति नहीं देखा है।


**पत्रकार सह स्तंभकार**

उप-सम्पादक (बॉलीवुड एक्सप्रेस/हिन्दी मासिक पत्रिका)

ब्यूरो प्रमुख (लोकतंत्र की शान/हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)


दिल्ली ब्यूरो (लोक सत्ता /दैनिक हिंदी समाचार पत्र)

निदेशक : नई उम्मीद न्यूज एजेंसी (अंतर्राष्ट्रीय समाचार एजेंसी)

**आपको कंपनी के सारे सहकर्मियों की तरफ से जन्म दिन की हार्दिक शुभकामनाएं**



**सना**




मैं लिख दू तुम्हारी उम्र चांद सितारों से, ...

दिल से मेरी दुआ है कि खुश रहो तुम,.

उम्र बढ़ती रहेगी साल घटते रहेंगे ...

नये प्रभात का सुरक्षित आंचल भरा मिले यश वैभव से ....

बहुत दूर मगर बहुत पास रहते हो ..

ये दिन बार-बार आए



# कांग्रेस का बड़ा खुलासा- जॉर्ज सोरोस को पैसे दे रही है मोदी सरकार और उनका धंधा चलने दे रही है

## सोरोस द्वारा पोषित फंड चलाने वाले लोग भाजपा के करीबी, इनके साथ प्रधानमंत्री मोदी करते हैं मंच साझा

**›› अडानी को बचाने के लिए भाजपा और मोदी सरकार सोरोस के नाम पर स्वांग रच रही**



**नई दिल्ली।** 10 दिसंबर भाजपा पर पलटवार करते हुए कांग्रेस ने कहा है कि अडानी को बचाने के लिए भाजपा और मोदी सरकार जॉर्ज सोरोस के नाम पर स्वांग रच रही है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने खुलासा किया कि मोदी सरकार खुद जॉर्ज सोरोस को पैसे दे रही है। इसी के साथ सोरोस द्वारा पोषित फंड चलाने वाले लोग भाजपा के करीबी हैं और उनके साथ नरेंद्र मोदी मंच साझा करते हैं। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने खुलासा किया कि सोरोस की ओपन सोसाइटी फाउंडेशन की फंडिंग यूएन डेमोक्रेसी फंड से आती है, जिसमें भारत चौथे नंबर का दानी देश है। मोदी सरकार ने पिछले आठ साल में नौ लाख अमेरिकी डॉलर यूएन डेमोक्रेसी फंड को दिए, जिससे सोरोस को पैसा जा रहा है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, सोरोस के प्रोजेक्ट हिंदुस्तान में पहली बार 1999 में शुरू हुए, जब अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री थे, तब सोरोस छात्रवृत्ति और फेलोशिप जैसी चीजें दिया करते थे। 2014 से उन्होंने ग्रांट प्रोग्राम शुरू किया। सोरोस की ओपन सोसायटी के सोरोस इकोनॉमिक डेवलपमेंट फंड के दो बड़े इंवेस्टमेंट सोंग और एस्पाडा हैं। एस्पाडा ने करीब 90 मिलियन डॉलर छोटे उद्योगों, किसानों और स्टार्टअप में निवेश किए। लेकिन एस्पाडा ने बड़ा पैसा निओ ग्रोथ और कैपिटल फ्लोट को दिया। कैपिटल फ्लोट के फांउडर गौरव हिंदुजा और शशांक ऋष्यश्रृंगा नरेंद्र मोदी जी के प्रबल समर्थक हैं, जो उनके साथ मंच साझा करते रहते हैं। नरेंद्र मोदी के करीबी ये दोनों व्यक्ति जॉर्ज सोरोस के पैसे से पोषित फंड चलाते हैं। इनके फण्ड ने करीब 300 मिलियन डॉलर से 40,000 छोटे उद्योगों की फंडिंग की है। उन्होंने आगे बताया कि शशांक की शादी भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष और पश्चिम बंगाल के राज्यपाल रहे वीरेन शाह की पोती प्रिया शाह के साथ हुई है। शादी में भाजपा के बड़े नेता लाल कृष्ण आडवाणी और देवेंद्र फडणवीस भी शामिल हुए थे।



अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय में पोस्टर लांच करते कन्हैया कुमार व अन्य। (सईद अहमद)




आम आदमी पार्टी के कैंडिडेट की दूसरी लिस्ट आने के बाद दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व अन्य प्रेस वार्ता करते हुए। (सईद अहमद)

# डॉ. के.ए. पॉल ने आर. कृष्णैया के भाजपा में शामिल होने की तीखी आलोचना की, कहा- बीसी समुदाय के प्रति किया विश्वासघात

## बीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यकों के एकजुट होकर जातिवाद और पारिवारिक राजनीति के खिलाफ आंदोलन शुरू करने की आवश्यकता पर दिया



**नई दिल्ली।** 10 दिसंबर, 2024 आंध्र भवन में मंगलवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रजा शांति पार्टी के नेता डॉ. के.ए. पॉल ने पूर्व सांसद और बीसी नेता आर. कृष्णैया के भाजपा में शामिल होने के फैसले की तीखी आलोचना की और इसे पिछड़े वर्ग (बीसी) समुदाय के प्रति विश्वासघात करार दिया। इस दौरान उन्होंने तेलुगू राज्यों में बीसी समुदाय के राजनीतिक हाशिए पर होने और राजनीतिक सुधार की आवश्यकता पर बात की। डॉ. पॉल ने कहा कि पिछले 78 वर्षों में आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बीसी समुदाय, जो 60% आबादी का हिस्सा है, को प्रमुख नेतृत्व भूमिकाओं से बाहर रखा गया है। उन्होंने बीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यकों के एकजुट होकर जातिवाद और पारिवारिक राजनीति के खिलाफ एक आंदोलन शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो डॉ. बी.आर. अंबेडकर के संविधान के अनुच्छेद 14 में निहित समानता के सिद्धांत के अनुरूप हो।

**1. आर. कृष्णैया का बीसी समुदाय के प्रति विश्वासघात**

डॉ. पॉल ने आर. कृष्णैया के पार्टी बदलने की आदत की आलोचना करते हुए कहा, आर. कृष्णैया ने बीसी राजनीति को अवसरवादिता का खेल बना दिया है। टीडीपी से लेकर वाईएसआरसीपी और अब भाजपा, वे बीसी वोट बैंक को व्यक्तिगत फायदे के लिए बेच रहे हैं। यह नेतृत्व नहीं, बल्कि उन लाखों तेलुगू राज्य के वोटरों के विश्वास के साथ विश्वासघात है जिन्होंने उन पर विश्वास किया।

# दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया

## मानवाधिकार की रक्षा के लिए चल रहे वैश्विक प्रयासों पर डाला गया प्रकाश




**नई दिल्ली।** 11 दिसम्बर 24 युनाईटेटे नेशन्स यूनिवर्सिटी फार ग्लोबल पीस (यूएनयूजीपी, ?ूएसए) और द अमेरिकन यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में एम्पावर सोशल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का भव्य समारोह आज राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के कॉस्टीट्यूशन्स क्लब के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य अतिथि यूएनयूजीपी और एयूजीपी यूएसए के अध्यक्ष और मुख्य रेक्टर प्रोफेसर डॉ. मधु कृष्णन तथा सेशेल्स के सांस्कृतिक एंबेसडर दीपक सिंह मौंजूद थे। इन अतिथियों का स्वागत डॉ. सोमशेखर के, दीपक दे और डॉ. घनश्याम के ने किया।इस अवसर प्रो. डॉ. मधु कृष्णन ने आज की दुनिया में मानवाधिकारों के महत्व के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने सभी देशों में शांति, समानता और न्याय को बढ़ावा देने के लिए चल रहे वैश्विक प्रयासों पर प्रकाश डाला गया और इन मौलिक अधिकारों की रक्षा में वैश्विक शांति और सहयोग के महत्व पर जोर दिया।डॉ. कृष्णन ने वैश्विक शांति में उनके योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को यूनाइटेड नेशन्स यूनिवर्सिटी फार ग्लोबल पीस की ओर से मानद डॉक्टरेट की उपाधि और शांति दूत का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और फेलोशिप साथ हुआ, जिसमें मानवाधिकारों और शांति पहलों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के आयोजन में एम्पावर सोशल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट की महासचिव सोनाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मांडविया ने एशिया-प्रशांत बधिर खेलों में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए भारतीय टीम को बधाई दी

नई दिल्ली, दिसम्बर : केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने सोमवार को कुआलालंपुर से सफलतापूर्वक लौटने पर भारतीय टीम को सम्मानित किया। भारतीय टीम ने 10वें एशिया-प्रशांत बधिर खेलों में 55 पदक जीते हैं। यह 2015 में उनकी पिछली भागीदारी की तुलना में 11 गुना अधिक है, जिसमें भारत ने 5 पदक जीते थे। 42 पुरुषों और 26 महिलाओं सहित 68 सदस्यीय भारतीय टीम ने 8 स्वर्ण, 18 रजत और 29 कांस्य पदक जीतकर 21 देशों के बीच पांचवां स्थान हासिल किया, जो 1984 में इसके उद्घाटन के बाद से इस चतुष्कोणीय टूर्नामैंट में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले, भारतीय टीम ताइवान में 2015 में 5 पदक (2 स्वर्ण, 3 रजत) जीतकर 23 देशों में से नौवें स्थान पर रही थी। हांगकांग में राजनीतिक अशांति के कारण 2019 का आयोजन रद्द कर दिया गया था। केंद्रीय मंत्री ने अपने आवास पर विशेष बातचीत के दौरान कोचों और सहयोगी स्टाफ सहित भारतीय टीम को बधाई दी। डा. मांडविया ने भारतीय दल को संबोधित करते हुए कहा, मैं मलेशिया में एशिया-प्रशांत बधिर खेलों में 55 पदक जीतकर देश का गौरव और सम्मान बढ़ाने के लिए भारतीय बधिर टीम को बधाई देना चाहता हूं। देश खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। भारत सरकार खेल के बुनियादी ढांचे, प्रशासन और विशेष कोचिंग में सुधार के लिए कई पहल कर रही है। जब आप राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हैं तो आप सिर्फ अपने लिए नहीं जीतते, बल्कि आपके साथ देश भी जीतता है।

# अर्जुन की वाण चली और छ्ल से मारा गया कर्ण, सवाल क्या युद्ध में सब जायज '

**दिल्ली।** बिहार की राजधानी पटना के रंगमंच से लेकर देश की राजधानी दिल्ली के रंगमंच पर बिहार के कलाकारों का अदभुत प्रदर्शन' मौका था प्रवीण स्मृति नाट्योत्सव का समापन समारोह का ' दिल्ली के श्रीराम सेंटर में प्रवीण संस्कृति मंच की ओर से चल रहा पांच दिवसीय प्रवीण स्मृति नाट्य उत्सव का समापन समारोह पर रश्मिरथी की संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर किया ' मंच पर साकार हुआ कर्ण, अर्जुन व कृष्ण का किरदार 'मंच पर प्रकाश आते ही कुंती की सामाजिक द्वंद की परकाष्ठा उभरने लगती है। सामाजिक बंधन और मजबूरियां अपने कलेजे के टुकड़ें को खुद से अलग करने पर विवश कर देता है। जो दानवीर कर्ण के रुप में अपनी ख्याति बनाता है। कुंती के किरदार निभाने दिल्ली से आयी अभिनेत्री लक्ष्मी मिश्रा किरदार के साथ न्यायसंगत दिखी और अपने अभिनय की बारीकियों से दर्शकों तक अपनी पीड़ा पहुंचाने में कामयाब रही। मंचीय प्रस्तुति में गायन मंडली की तान, मंच की आकृति व पात्रों के अभिनय ने कला -प्रेमियों को पूरे नाटक में बांधे रखा। नाटक अपने संवाद की अदायगी के साथ बढ़ता गया जो दर्शकों को अपनी ओर खींचता रहा। एक - एक कर जबरदस्त संवाद ने सभी को बांधे रखा। भगवान सभा को छोड़ चले, करके रण गर्जन घोर चले सामने कर्ण सकुचाया सा, आ मिला चकित भरमाया सा, हरि बड़े प्रेम से धर कर, ले चढ़े उसे अपने रथ पर रथ चला परस्पर बात चली - कुछ ऐसी ही गर्जन और ध्वनि करतालों के बीच




नाटक रश्मिरथी का मंचन दिल्ली के श्री राम सेंटर में प्रवीण सांस्कृतिक मंच की ओर से पटना नगर निगम के सौजन्य से पाँचवी प्रस्तुति के तौर पर की गयी। जिसका निर्देशन वरिष्ठ रंग - निर्देशक रंगकर्मी विज्येंद्र कुमार टाक ने किया। खासकर कर्ण का किरदान निभाने मुंबई से आये वरिष्ठ रंगकर्मी हेमंत माहौर के अभिनय की दक्षता ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। नाटक के प्रायः सभी पात्र मृत्युंजय , मनीष, जहांगीर, स्पर्श, सौरव, राहुल ने वीर रस में संवाद अदायगी कर अपने किरदार को स्थापित करने में कामयाबी हासिल की। कृष्ण की भूमिका निभाने वाले डॉ कुमार विमलेंदु की उच्च श्रेणी की काबिलियत दिल्ली के दर्शकों के दिल पर छाप छोड़ने में कामयाब रहा।

# सांस्कृतिक अनुभव के साथ कला प्रेमियों को एक अद्वितीय अनुभव का हिस्सा बनने का मौका मिला

गुरुग्राम, दिसम्बर : कला प्रेमियों को हाल ही में एक अद्वितीय अनुभव का हिस्सा बनने का मौका मिला, जब एबरलोर द्वारा आयोजित द क्वेस्ट में कहानी कहने की गहनता और सुंदरता को प्रस्तुत किया गया। क्लब कोरम में आयोजित इस खास शाम में पद्म भूषण जावेद अख्तर ने अपनी शानदार कहानी कहने की कला और अनुभवों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में जावेद अख्तर ने व्यक्तिगत किस्सों, लेखन के प्रति अपने जुनून और उर्दू भाषा की गरिमा पर अपने विचार साझा किए। अभिनेत्री दिव्या दत्ता के साथ संवाद करते हुए उन्होंने भारतीय फिल्म उद्योग में अपने 50 वर्षों के उल्लेखनीय सफर की झलकियां पेश कीं। उन्होंने सलीम-जावेद की प्रतिष्ठित जोड़ी के योगदान और पटकथा लेखकों को सम्मान दिलाने की शुरुआत के बारे में बताया। संगीत के प्रति अपनी गहरी रुचि का जिक्र करते हुए उन्होंने एस.डी. बर्मन से लेकर ए.आर. रहमान और शंकर-एहसान-लॉय तक, संगीतकारों के साथ अपने अनुभव साझा किए। शाम का समापन उनकी आत्मा को छू लेने वाली कविताओं के पाठ से हुआ, जिसने दर्शकों को भावुक कर दिया।

# याद करें प्रधानमंत्री ने अपने करीबी मित्र को कृष्णापटनम पोर्ट कैसे उपहार में दिया था



**दिल्ली।** याद करें प्रधानमंत्री ने अपने करीबी मित्र को कृष्णापटनम पोर्ट कैसे उपहार में दिया था आयकर छापे के बाद पिछले मालिक को अडानी ग्रुप में विनिवेश करने के लिए "राजी करने में" में मदद मिली थी? परमात्मा के इस नॉन-बायोलॉजिकल अवतार की कृपा ने अडानी को प्राइवेट पोर्ट्स का एकाधिकार बनाने में मदद की है - अभी इसके पास 14 पोर्ट्स हैं। लेकिन इतना भी पर्याप्त नहीं है। पीएम के करीबी मित्र को और अधिक समृद्ध बनाने के लिए, "सार्वजनिक हित" में नियमों को भी बदलना होगा। ऐसे में कृष्णापट्टनम को समुद्र के रास्ते पेट्रोलियम आयात करने की अनुमति दे दी गई है। यह गृह मंत्रालय द्वारा सुरक्षा दिशानिदेर्शों का उल्लंघन करते हुए अडानी विझिनजाम बंदरगाह पर चीनी श्रमिकों को विशेष वीजा छूट देने के बाद आया है। पीएम के करीबियों के लिए एक नियम, और उनके सबसे अच्छे मित्रों के लिए दूसरा नियम, जो उ्क्ष्ख जांच के दायरे में हैं।

## स्पीड ब्रेकर पर नहीं लगाए गए साइन, वाहनों को नहीं दिखते ब्रेकर



शहर में एसके रोड पर बिना निशान के स्पीड ब्रेकर दिखाते स्थानीय लोग।

यमुनानगर, दिसंबर : अनाजमंडी के पास एसके रोड पर प्रशासन द्वारा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए स्पीड ब्रेकर बनाया गया है। स्पीड ब्रेकर के कारण वाहनों की स्पीड पर लगाम तो लगी है। परंतु रात के समय स्पीड ब्रेकर पर कोई पेंट व अन्य निशान न लगाए जाने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। रात के समय स्पीड ब्रेकर पर किसी भी प्रकार के पेंट न होने व अन्य साइन बोर्ड न होने से वाहन पीछे से स्पीड में आते है। स्पीड ब्रेकर का पता न होने के कारण अचानक से ब्रेक लगानी पड़ती है। जिससे रात के समय वाहनों की दुर्घटनाओं की आशंका ओर अधिक बढ़ गई है। स्थानीय निवासी सुरेश सैनी, प्रवीण, सतपाल, अरुण, कमलेश, चमनलाल आदि ने बताया कि प्रशासन द्वारा अनाजमंडी के पास एसके रोड पर चारों ओर स्पीड ब्रेकर लगवाने का कार्य किया है। जो ठीक भी है। परंतु स्पीड ब्रेकर पर किसी भी प्रकार का निशान नहीं लगाया है। जिस कारण अनजान लोगों को एकदम से ब्रेक लगानी पड़ती है। वहीं सबसे अधिक परेशानी तो रात के समय होती है। रात के समय पीछे से स्पीड में आने वाली कारों व वजनी वाहनों को एक दम से स्पीड ब्रेकर के बारे में पता चलता है।

# इराक भेजने के नाम पर दो लाख 80 हजार रुपए हड़पे

- आरोपी ने जाली वीजा देकर टिकट करवाई कैंसल, केस दर्ज

यमुनानगर, दिसंबर : गांव ऊंचा चांदना निवासी मोह मद इकबाल को इराक भेजने के नाम पर दो लाख 80 हजार रुपए हड़प लिए गए। जानकारी के अनुसार मोह मद इकबाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह इराक जाना चाहता था। इस दौरान विदेश में रह रहे उसके परिचित ने उसे बताया कि पंजाब के जिला गुरदासपुर के गांव पंजगरैया बटाला निवासी संदीप सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। उसे भी संदीप ने विदेश भिजवाया था। उसके परिचित ने उसे आरोपी संदीप का मोबाइल नंबर दे दिया। उसने संदीप के पास फोन किया तो गत 22 सितंबर को उसने उसे ब्यास मिलने के लिए बुलाया। वह अपने दामाद को लेकर ब्यास आरोपी से मिलने के लिए चला गया। आरोपी ने उसे जल्द की इराक भेजने का आश्वासन दिया। इसके लिए उसने दो लाख 80 हजार रुपए का खर्च आने की बात कही। उसने आरोपी पर विश्वास करके उसे दो लाख रुपए एडवांस दे दिए। बाकि 40 हजार रुपए वीजा आने के बाद तो 40 हजार रुपए टिकट से पहले देने तय हुए। आरोपी ने 24 सितंबर को उसके व्हाट्सएप पर इराक का वीजा भेज दिया। इसके बाद आरोपी ने उसे 40 हजार रुपए देने को कहा। उसने आरोपी के अकाउंट में पैसे भेज दिए। कुछ दिन बाद ही आरोपी ने उसकी इराक की टिकट भी व्हाट्सएप कर दी। इतनी जल्दी वीजा देने पर उसके बेटे को शक हुआ। यात्रा से दो दिन पहले ही आरोपी ने उसकी टिकट कैंसल करवा दी।

## यमुनानगर के पंकज अरोड़ा मिले फिल्म एक्टर रणवीर सिंह से

यमुनानगर, दिसंबर : श्री गणेश एंटरटेनमेंट एंड ह्यूमेन्टी सर्विस सोसायटी के निदेशक पंकज अरोड़ा कई सालों से जरूरतमंदों की सेवा कर रहे हैं । इसके साथ उभरती प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ वह समाज में सामाजिक कार्य भी कर रहे हैं। पिछड़ी बस्तियों में जाकर उनकी मदद करना व अभी पीछे 31 जुलाई को मोहम्मद रफी नाइट का आयोजन किया, जिसमें कई फिल्म स्टारों को बुलाकर रफी साहब को श्रद्धांजलि दी। अरोड़ा अभी रणवीर सिंह को मिलकर आए। उन्होंने बताया कि रणवीर सिंह ने मोहम्मद रफी नाइट जैसे कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जो 7 दिन का कार्यक्रम आयोजन करते हैं, उसके लिए लोगों को भी इस तरह के कार्यक्रम करने की प्रेरणा दे।

# दिल्ली दंगे के आरोपी ताहिर हुसैन को ओवैसी ने दिया टिकट

**दिल्ली।** असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने आगामी दिल्ली चुनाव में मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से निष्कासित आप पार्षद ताहिर हुसैन की उम्मीदवारी की घोषणा की। हुसैन को 2020 के दिल्ली दंगों से संबंधित आरोपों का सामना करना पड़ा था। ओवैसी ने इस कदम की पुष्टि करते हुए कहा कि एमसीडी पार्षद ताहिर हुसैन एआईएमआईएम में शामिल हो गए और आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र से हमारे उम्मीदवार होंगे। उनके परिवार के सदस्यों और समर्थकों ने आज मुझसे मुलाकात की और पार्टी में शामिल हुए। इस घोषणा की भाजपा नेता कपिल मिश्रा ने आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ओवैसी ने खुद को अंकित शर्मा की हत्या के लिए जिम्मेदार व्यक्ति के साथ जोड़ लिया है, जिसके घर में बम और पत्थर पाए गए थे और जिसने दिल्ली में सैकड़ों हिंदुओं को मारने का प्रयास किया था। उन्होंने आगे कहा कि ओवैसी को याद रखना चाहिए कि अगर ताहिर हुसैन के नाम पर दिल्ली में एक और दंगा हुआ तो उसका परिणाम उनकी सात पीढ़ियां याद रखेंगी। हुसैन को हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय से राहत मिली, जिसने दिल्ली दंगों के संबंध में उनके खिलाफ एक प्राथमिकी रद्द कर दी। 27 फरवरी, 2020 को दर्ज की गई एफआईआर में उन पर एक इमारत की पहली मंजिल पर दंगा और तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया गया था। अदालत ने कहा कि हुसैन पहले से ही इसी घटना से संबंधित एक अन्य मामले में आरोपों का सामना कर रहे थे। अदालत ने पाया कि 24 फरवरी, 2020 को इसी घटना के लिए एक पूर्व एफआईआर दर्ज की गई थी।

# आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की, 20 नई सीटों पर उतारे नए चेहरे

## मनीष सिसोदिया की सीट में बड़ा बदलाव, अब लड़ेंगे जंगपुरा से

- पटपड़गंज से यूट्यूबर अवध ओझा को मिला टिकट

नई दिल्ली, दिसम्बर : आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कुल 20 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं, और खास बात यह है कि सभी नए चेहरे हैं। इससे पहले 21 नवंबर को पार्टी ने अपनी पहली लिस्ट में 11 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी। अब तक आप ने कुल 31 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। हालांकि, चुनाव आयोग ने अभी तक चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन यह संभावना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में होंगे। पिछले 10 वर्षों से दिल्ली की सत्ता में काबिज आप इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पूरी ताकत के साथ चुनावी रणनीति में जुटे हैं। दूसरी लिस्ट में सबसे बड़ा बदलाव मनीष सिसोदिया की सीट को लेकर हुआ है। वह अब तक पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ते आ रहे थे और लगातार जीत हासिल कर रहे थे। लेकिन इस बार उन्हें जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। पटपड़गंज से मनीष सिसोदिया की जगह यूट्यूबर और शिक्षक अवध ओझा को टिकट दिया गया है, जो हाल ही में पार्टी से जुड़े हैं। इसके अलावा मुस्तफाबाद सीट से आदिल अहमद खान को टिकट दिया गया है, जबकि मौजूदा विधायक हाजी यूनुस का टिकट कट गया है। चांदनी चौक से विधायक प्रह्लाद सिंह साहनी के बेटे पुरंदीप सिंह साहनी को टिकट मिला है। कृष्णा नगर से विधायक एस.के. बग्गा के बेटे विकास बग्गा को मौका दिया गया है। वहीं, दिल्ली विधानसभा के स्पीकर रामनिवास गोयल की जगह जितेंद्र सिंह शंटी को टिकट दिया गया है। आप के इस कदम को युवा चेहरों को आगे लाने और नई रणनीति के तहत देखा जा रहा है। पार्टी पूरे आत्मविश्वास के साथ दिल्ली की सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रही है।

# दिल्ली के ऑटो ड्राइवरों की तो निकल पड़ी

## चुनाव से पहले केजरीवाल ने खोल दिया वादों का पिटारा

**दिल्ली।** महत्वपूर्ण दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले अरविंद केजरीवाल ने ऑटो चालकों के साथ आज दोपहर का भोजन किया। इस दौरान उन्होंने ऑटो चालकों के लिए 10 लाख रुपये का बीमा और उनकी बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये सहित कई उपायों का वादा किया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑटो चालकों को वर्दी भत्ते के रूप में साल में दो बार 2,500 रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने उनके बच्चों को मुफ्त कोचिंग और 'पूछो' ऐप को फिर से लॉन्च करने का भी आश्वासन दिया। ऐप लोगों को पंजीकृत ऑटो चालकों के मोबाइल नंबरों के दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम द्वारा विकसित डेटाबेस तक पहुंचने और सवारी बुक करने के लिए उन्हें कॉल करने की अनुमति देता है। इससे पहले, आम आदमी पार्टी ने सोमवार को दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी ने पटपड़गंज से सिसौदिया की सीट बदल दी। वह अब जंगपुरा सीट से चुनाव लड़ेंगे. सिसौदिया की पुरानी सीट पटपड़गंज से अवध ओझा को उम्मीदवार बनाया गया है। सूची में जंगपुरा से मनीष सिसौदिया, नरेला से दिनेश भारद्वाज, तिमारपुर से सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू, आदर्श नगर से मुकेश गोयल, मंगोलपुरी से राकेश जाटव धर्मरक्षक और रोहिणी से प्रदीप मित्तल का नाम शामिल है। अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची में, आम आदमी पार्टी ने 17 मौजूदा विधायकों को हटा दिया है और उनकी जगह नए चेहरों को मैदान में उतारा है। दिल्ली विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, अअढ महिला विंग महिलाओं के साथ सीधे बातचीत करने और आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार द्वारा महिलाओं के लिए प्रदान की गई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताने के लिए दिल्ली के सभी 70 निर्वाचन क्षेत्रों में छोटे पैमाने पर बैठकें आयोजित कर रही है।

# भारतीय किसान यूनियन लोकहित का हुआ संगठन विस्तार



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित के मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सतपाल यादव के नेतृत्व में अमरोहा के मोहल्ला मुरादाबादी गेट के निकट तैयबा जूनियर हाई स्कूल में भारतीय किसान यूनियन लोकहित की एक बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में बोलते हुए मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य जल्द से जल्द घोषित किया जाए तथा किसानो की फसलों का एम एस पी मूल्य पर खरीद हो, वहीं उन्होंने कहा कि किसानों को बिजली विभाग के मीटर रीडरो द्वारा अत्यधिक बल निकालकर परेशान किया जा रहा है जिस पर पाबंदी लगाई जानी आवश्यक है, वहीं उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की संख्या बढ़ गई है तथा उन्हें पड़कर गौशाला भिजवाया जाए, मंडल अध्यक्ष सतपाल यादव ने सरकार से भीषण सर्दी के प्रकोप को देखते हुए क्षेत्र में कंबल आदि का वितरण सरकारी स्तर पर किए जाने की भी मांग की है, बैठक के उपरांत संगठन विस्तार किया गया, संगठन विस्तार मंडल मीडिया प्रभारी ओमपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में किया गया जिसमें वसीम खान को जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अमरोहा, शहजाद खान को जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अमरोहा, सन्नी चौधरी को युवा मंडल प्रभारी मुरादाबाद नियुक्त किया गया, बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह यादव, मंडल मीडिया प्रभारी ओमपाल सिंह यादव, विक्की सिंह मंडल महासचिव मुरादाबाद, फिरोज खान जिला सचिव अमरोहा, तथा भारतीय किसान यूनियन लोकहित के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री राम सेवा समिति एवं झारखंड महादेव कावड़ बेड़ा संघ द्वारा हनुमान चालीसा का किया गया आयोजन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को नगर के झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर श्री झारखंड महादेव कावड़ बेड़ा संघ द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया वही हनुमान चालीसा के उपरांत प्रसाद का भी वितरण किया गया, उधर नगर की समाज सेवी संस्था श्री राम सेवा समिति जनपद अमरोहा के साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम घर-घर श्री हनुमान चालीसा का पाठ व आरती के अंतर्गत इस मंगलवार को भी श्री बालाजी भगवान का चालीसा पाठ व आरती का आयोजन किया गया इस मंगलवार को चालीसा पाठ व आरती का आयोजन नगर के व्यापारी नयनत अग्रवाल के आवास पर पर संपन्न हुआ, चालीसा का पाठ करने के बाद श्री बालाजी भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया, इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल, जतिन गुर्जर, विजय पारछा, विनीत कुमार, मोहित सुशील अग्रवाल, दीपू उर्फ सौरव गुप्ता, प्रखर अग्रवाल, पवन चौहान, पंकज अग्रवाल, प्रिया रस्तोगी, कंचन रस्तोगी, प्रीति आदि भक्तों ने भाग लिया।

# खड़े ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से घुसी बाइक, बाइक सवार दोनों घायल



**हसनपुर/ उझारी।** मंगलवार को थाना सैद नंगली के कस्बा उझारी में हसनपुर दिशा की ओर स्थित पेट्रोल पंप के निकट पेट्रोल पंप से तेल डलवा कर पेट्रोल पंप के बाहर खड़े ट्रैक्टर ट्राली में हसनपुर की दिशा को जा रहे तेज अनियंत्रित बाइक सवार द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए वहीं मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई तथा सूचना पर डायल 112 पुलिस भी पहुंच गई तथा पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस की मदद से घायलों को हसनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जिसमें घायल कमरुद्दीन की हालत को देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया, वही दूसरे घायल राकेश का इलाज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है बताया जा रहा है कि दोनों घायल हसनपुर की ओर आ रहे थे, घटना श्याम 7 बजे करीब की बढ़ाई जा रही है इसी बीच अंधेरा होने तथा तेज रफ्तार के कारण साइड में खड़ा ट्रैक्टर ट्रॉली दिखाई नहीं दिया और मोटरसाइकिल ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से घुस गई जिसमें दोनों घायल हो गए वहीं घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है तथा खबर लिखे जाने तक परिजन मौके पर नहीं पहुंचे थे।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या में कवियो ने खूब गुदगुदाया।

## नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक हुऐ मंत्रमुग्ध।




**लोकतंत्र /देवेंद्र शर्मा**

**लखनऊ ।** 10 दिसम्बर 2024 कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र में स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि उपाध्यक्ष-राज्य ललित कला अकादमी (दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री) माननीय गिरीश चंद्र मिश्रा महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक संध्या में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के अध्यक्ष रविंद्र कुमार पाण्डेय "प्रतापगढ़ी" के संयोजन में कवियों व कवित्रियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर दर्शकों को खूब गुदगुदाया और वाह वाही लूटी। कवित्री शक्ति बाजपेई "सरल" ने "मैं लिखती हूं जरा सा सच यही मेरी हिमाकत है"। कवित्री कल्पना मिश्रा, मिठू राय, रश्मि श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुनीता चतुर्वेदी कवि प्रमोद श्रीवास्तव ,आयुष यादव और मयंक दिवाकर ने अपनी अपनी कविता प्रस्तुत कर मन मोह लिया। मनमोहक कवि सम्मेलन प्रस्तुति के वर्व डांस स्टूडियो विक्की राज के संयोजन में डांस की अलग-अलग प्रस्तुति दी गई। ये काली काली आंखें.... रौनक, विधान, आराध्य ने डांस प्रस्तुत कर बांधा समां । सांस्कृतिक रंगमंच से मस्त मगन.... गाने पर आर्या,पीहू, शक्ति ,अंकित राज और आध्या ग्रुप डांस से दर्शकों को घुमाया नचाया। वहीं कोको कोला तू....अस्वी ने डांस की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के रनवीर सिंह, विनय दुबे, हेमू चौरसिया, मनोज सिंह चौहान, आदि उपस्थित रहे । प्रदीप शुक्ला और मनीष पंडित ने मंच का संचालन किया गया।

# आरटीआई कार्यकताओं ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस




**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन नगर के यदुवंशी धाम में स्थित राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय कार्यालय पर आयोजित किया गया जिसमें अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर एक दूसरे को बधाई दी गई, कार्यक्रम में बोलते हुए राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट ने मानव अधिकारों के प्रति सभी को जागरूक रहने एवं मानव अधिकारों से संबंधित जानकारी दी, इस मौके पर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद की अनुशासन समिति का भी गठन किया गया जिसका अध्यक्ष टेकचंद राणा एडवोकेट को नियुक्त किया गया तथा कार्यकारिणी में सीमा यादव, प्रवीन अग्रवाल, गोविंद कौशिक, एवं नेपाल सिंह को सदस्य मनोनीत किया गया, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाते हुए सभी को मिष्ठान का वितरण किया, बैठक में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव, नीरज शर्मा, अनुपम त्यागी, प्रमोद शर्मा, आरती, रजनी, किरण, सरदार हरिश्चंद्र, रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, प्रमोद शर्मा, गोविंद कौशिक, सचिन गुप्ता, अरुण त्यागी, अंशिका यादव, अली अहमद सैफी, टेकचंद राणा, प्रवीण कुमार अग्रवाल आदि सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भाकियू, बी आर एस एस की होने वाली बैठक में अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर दिया ज्ञापन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस के कार्यकताओं ने 12 दिसंबर को उप जिला अधिकारी कार्यालय के सामने संपन्न होने वाली बैठक में किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न संबंधित अधिकारियों के पहुंचने की मांग की है जिसमें विद्युत समस्या के समाधान हेतु एसडीओ सेकंड देहात तथा जल जीवन मिशन की समस्या के समाधान हेतु जे ई जल जीवन एवं मध्य गंगा नहर के संबंधित अधिकारी को 12 दिसंबर को 1 बजे तक पंचायत में उपस्थित होने की मांग को लेकर एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में उनके स्टेनो राहुल कुमार को दिया, इस मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी ने बताया कि अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित न होने की दशा में आंदोलन किया जाएगा तथा क्षेत्र में शाहपुर कला गांव में चल रहे ओयो होटल वह उसी प्रकार के अन्य ओयो होटल क्षेत्र में जल्द से जल्द बंद किए जाएं अन्यथा इन होटल के खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा ' ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से देवेंद्र सैनी राष्ट्रीय प्रवक्ता, धीरज सिंह गुर्जर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, उदयवीर सिंह राष्ट्रीय सलाहकार, राजू चौहान, योगेंद्र सिंह, असलम आदि मौजूद रहे।

## इंडियन हुमन राइट्स काउंसिल मानवाधिकार के सह राष्ट्रीय अध्यक्ष बने अविनाश गुप्ता व राष्ट्रीय महासचिव प्रांशु जोशी





**लोकतंत्र /देवेंद्र शर्मा**

**आज लखनऊ।** में इंडियन हुमन राइट्स काउंसिल मानवाधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हीरा सिंह भदोरिया जी के द्वारा इंडियन हुमन राइट्स काउंसिल मानवाधिकार संगठन के सह राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर अविनाश गुप्ता व प्रांशु जोशी जी को राष्ट्रीय महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया । संगठन के गोपालपुरी आलमबाग वीआई पी रोड लखनऊ कार्यालय पर दोनों पदाधिकारी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार उपाध्याय व राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री सुरेंद्र प्रकाश वर्मा जी के द्वारा माला पहनाकर व चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । दोनों पदाधिकारी ने कार्यक्रम में शपथ ग्रहण किया और संगठन को मजबूत बनाने व आगे ले जाने के लिए शपथ ली । समस्त पदाधिकारी व संगठन के सदस्यों ने दोनों पदाधिकारी को बहुत-बहुत बधाइयां दी।

# हर जरूरतमंद को सम्मानजनकआश्रय देने को डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री





**गोरखपुर, 10 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर जरूरतमंद को सम्मानजनक आश्रय देने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिए गए हैं तो शहर में किसी कार्य से आने वाले आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निशुल्क रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है। सीएम योगी मंगलवार देर शाम/रात गोरखपुर महानगर में चार रैन बसेरों का निरीक्षण करने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर जरूरतमंद को रैन बसेरों में अच्छी सुविधा दी जाए। प्रशासन को इसे प्राथमिकता पर लेते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर व कंबल का इंतजाम हो। साफ-सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उसे भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री ने रेलवे स्टेशन के पास, कचहरी बस स्टेशन/छात्रसंघ चौराहे के पास, धर्मशाला तथा झूलेलाल मंदिर के पास बने रैन बसेरों का निरीक्षण कर तथा वहां ठहरे लोगों से बातचीत कर उपलब्ध सुविधाओं की पड़ताल की। इस दौरान उन्होंने धर्मशाला के नवनिर्मित रैन बसेरे का उद्घाटन भी किया। सभी रैन बसेरों में मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से जरूरतमंदों में कंबल व भोजन का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने चारों रैन बसेरों के बाहर भी सैकड़ो जरूरतमंद लोगों में कंबल व भोजन का वितरण कर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी सेवा को प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान परिजनों के साथ मौजूद बच्चों को दुलारा और चॉकलेट, खिलौना गिफ्ट कर उन्हें आशीर्वाद भी दिया। सीएम योगी ने रैन बसेरों में ठहरे सभी लोगों से कुशलक्षेम जानने के साथ उनसे आत्मीय संवाद भी किया। अलग अलग रैन बसेरों में देवरिया, कुशीनगर, बलिया, गगहा, चौरीचौरा समेत पूर्वांचल के अलग अलग क्षेत्रों के नागरिकों के अलावा बिहार से आए लोग भी ठहरे थे। कोई डॉक्टर को दिखाने के लिए तो कोई काम की तलाश या फिर किसी अन्य कार्य से गोरखपुर आया था। मुख्यमंत्री ने उनसे पूछा कि यहां रैन बसेरों में कोई परेशानी तो नहीं। सबने व्यवस्था को लेकर संतोषजनक जवाब दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कुशलक्षेम और जरूरतों के बारे में पूछे जाने पर रैन बसेरों में ठहरे लोग भाव विह्वल हो गए। उन्हें सहसा यकीन नहीं हो रहा था कि उनके ठहरने और भोजन की जानकारी लेने खुद मुख्यमंत्री उनके पास आए हैं। रैन बसेरों में ठहरे लोगों का कहना था कि जब बाबा (योगी आदित्यनाथ) खुद उनकी सुधि ले रहे हैं तो उन्हें किस बात की दिक्कत होगी।

# तत्परता और संवेदनशीलता से हो जनता की समस्याओं का समाधान : सीएम योगी

**गोरखपुर, 10 दिसंबर।** सोमवार दोपहर बाद गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की। ध्यान से उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का निराकरण तत्परता और शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर समस्या का समाधान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।



**मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री ने की गोसेवा**

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गोसेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। मंगलवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोवंश को दुलारकर उन्होंने अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया। इस दौरान एक गोवंश के साथ सीएम योगी स्नेहिल भाव से कुछ देर खेलते भी रहे।

# समय के अनुरूप खुद को तैयार न करने वाले पीछे छूट जाते हैं : मुख्यमंत्री






**गोरखपुर, 10 दिसंबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कालचक्र किसी की परवाह नहीं करता है, उसका प्रवाह निरंतर चलता रहता है, इसलिए हमें खुद को समय की धारा के अनुरूप तैयार करना होगा। समय के अनुरूप सोचने और चलने की आदत डालनी होगी। समय के अनुरूप खुद को तैयार न कर पाने वाले पिछड़ कर पिछलग्गू हो जाते हैं।

सीएम योगी मंगलवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम समय के अनुरूप समाज के प्रत्येक तबके को जोड़ते हुए टीम भावना के साथ समाज और देश हित के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएं। जब सामूहिकता की भावना और टीम वर्क से प्रयास किए जाएंगे तो परिणाम भी उसी के अनुरूप सार्थक आएंगे। परिणाम ही प्रयास और तैयारी के स्तर का वास्तविक परिचय देता है।

**टीम वर्क से सफलता का प्रमाण है इंसेफेलाइटिस पर नियंत्रण**

टीम वर्क और परिणाम के बीच साम्य को समझाते हुए मुख्यमंत्री ने इंसेफेलाइटिस नियंत्रण की सफलता को भी उद्धृत किया। उन्होंने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश का बचपन इंसेफेलाइटिस के दुष्चक्र में 1977 से लेकर 40 साल तक फंसा रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में पचास हजार से अधिक बच्चों की मौत हो गई। पहले उपचार की व्यवस्था नहीं थी। उपचार की व्यवस्था हुई, वैक्सीन आया तो वायरस ने अपना नेचर चेंज कर लिया। 2017 में जब हमारी सरकार आई तो प्रदेश और केंद्र सरकार ने टीम भावना के साथ, डब्लूएचओ, यूनिसेफ और अन्य संगठनों के सहयोग तथा सरकार के विभिन्न विभागों के समन्वय से मिलकर लड़ाई लड़ी। इसका परिणाम रहा कि 40 साल की समस्या का समाधान 2 साल में हो गया। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण की सफलता कठिन चुनौतियों का सामना करने से लेकर टीम भावना से परिणाम प्राप्त करने की यात्रा रही है।

**मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से बचें, रचनात्मक गतिविधियों को दें समय**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज की पीढ़ी के मोबाइल फोन के इस्तेमाल में अत्यधिक समय बिताने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी मोबाइल के उपयोग में अनावश्यक अत्यधिक समय बिताने से बचे। अपना समय प्रकृति के बीच, रचनात्मक कार्यों, अध्ययन और कौशल विकास की गतिविधियों में बिताए। उन्होंने आगाह किया कि हमें यह ध्यान रखना होगा कि तकनीकी हमसे संचालित हो, हम तकनीकी से संचालित न हों।

## महाकुम्भ में सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े तैयार कर रहे हैं अपने-अपने अखाड़े का डेटा बेस



**महाकुम्भ नगर, 10 दिसंबर।** प्रयागराज महाकुम्भ को दिव्य, भव्य, स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए प्रदेश की योगी सरकार तकनीकी और नवाचार की मदद ले रही है। महाकुम्भ को डिजिटल स्वरूप दिया जा रहा है। इससे समय की बचत होती है, मितव्ययिता और पारदर्शिता भी बढ़ती है। सरकार के इसी नक्शे कदम पर अब सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े भी चल पड़े हैं। डिजिटल युग में अखाड़े भी डिजिटलाइज हो रहे हैं।

**अखाड़े तैयार कर रहे हैं अपने-अपने डाटा बेस**

सनातन धर्म के ध्वज वाहक 13 अखाड़े अपनी-अपनी समृद्ध धार्मिक परंपराओं को संरक्षित रखते हुए समय के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। डिजिटल युग के मौजूदा दौर में इन अखाड़ों ने भी अपने प्रबंधन में डिजिटलाइजेशन का सहयोग लेना शुरू कर दिया है। अखाड़े अपना-अपना डाटा बेस तैयार कर रहे हैं। श्री पंचायती अखाड़ा महा निर्वाणी के सचिव महंत जमुना पुरी कहते हैं कि हमारे अखाड़े में कंप्यूटर और बही खाता दोनों का इस्तेमाल हो रहा है। अखाड़े की ऑडिट में इससे बहुत मदद मिलती है। इनकम टैक्स दाखिले के लिए जो भी रिकॉर्ड रखना होता है वह इसी डाटा बेस में रहता है। इसी से फाइल चार्टर्ड अकाउंट को शेयर कर दी जाती है। श्री पंच अग्नि अखाड़े के महामंत्री सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी बताते हैं कि महाकुम्भ में हमारे अखाड़ों के ऑडिट होते हैं। एक दौर था जब हम बही खाते से इसकी जानकारी ऑडिट के लिए देते थे लेकिन अब हम सबके पास गैजेट हैं। हमारा अखाड़ा संस्कृत विद्यालय भी चलाता है। इन विद्यालयों में छात्रों की संख्या से लेकर विद्यालय की आय-व्यय की पूरी जानकारी भी इसी डाटा बेस के माध्यम से हम एकत्र रखते हैं।

**अखाड़ों के वैश्विक अभियानों को गति प्रदान करेगा अखाड़ों का डाटा बेस**

सनातन धर्म के 13 अखाड़े अध्यात्म, भक्ति और साधना के प्रचारक और प्रसारक मात्र ही नहीं हैं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इनके आचार्यों द्वारा कई वैश्विक अभियान भी चलाए जा रहे हैं। आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अरुण गिरी जी का कहना है कि धर्म के साथ मानवता बचाने के लिए भी संत कार्य कर रहे हैं। इसी के अंतर्गत वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए वह वृक्षों को रोपित करने करने का अभियान चला रहे हैं जिसका डाटा बेस भी वह बनवा रहे हैं। इससे उनका समय बचता है , पारदर्शिता स्थापित होती है और प्रबंधन में भी मदद मिल रही है।

## हमारे अधिकार, हमारा भविष्य,अभी" रहेगा 2024 का शीर्षक

### ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस



करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** मन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन एम डी डी बाल भवन में किया गया।इस अवसर पर फेडरेशन द्वारा एमडीडी बाल भवन के बच्चों को खाने का सामान वितरित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने एमडीडी बाल भवन के संस्थापक पी आर नाथ के समाजसेवा के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन संपूर्ण भारतवर्ष में मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में हर साल 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। यह वह दिन है जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। यह घोषणा दुनिया भर के इतिहास में एक मील का पत्थर है क्योंकि इसमें सभी लोगों को मौलिक अधिकार दिए गए हैं, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा इस बात पर प्रकाश डालता है कि हर व्यक्ति को बुनियादी स्वतंत्रता और सुरक्षा हासिल है, चाहे उसकी जाति, लिंग, धर्म, राष्ट्रीयता कुछ भी क्यों न हो। मानवाधिकार दिवस 2024 की थीम "हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी" है। यह इस बात पर गौर करता है कि मानवाधिकार हमारे रोजमर्रा के जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं। संयुक्त राष्ट्र इस बात पर जोर देता है कि अब कार्रवाई करने और मानवाधिकारों के लिए वैश्विक आंदोलन को पुनर्जीवित करने का समय आ गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पी आर नाथ, अजीत राही, पवन कंसल, गुंजन भटनागर, हरीश वधावन, सतीश मल्होत्रा, देवेंद्र अरोड़ा, संजय भटनागर, के एल, रणजीत गिल, महेंद्र छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

## बिजली शिकायतों की सुनवाई कल

करनाल सुखविंदर सोही

**उत्तर हरियाणा।** बिजली वितरण निगम के प्रवक्ता ने बताया कि 12 दिसंबर को प्रातः 11 बजे पावर हाऊस, लघु सचिवालय, सेक्टर -6, पानीपत में बिजली संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी। शिकायतों की सुनवाई जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम रोहतक के अध्यक्ष करेंगे। उन्होंने बताया कि स्थानीय अधिकारियों से मिलने के बाद भी जिन शिकायतों का समाधान नहीं हो पा रहा है, ऐसे उपभोक्ता फोरम के समक्ष शिकायत रख सकते हैं। ऐसे उपभोक्ता जिनका बिजली संबंधी केस कोर्ट में विचाराधीन है तथा जिनकी शिकायत या मामला दो वर्ष से पुराना है, सुनवाई के पात्र नहीं होंगे। बिजली चोरी संबधी शिकायतें भी बैठक में नहीं सुनी जाएंगी।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए नारायणगढ़ विधानसभा से काफी संख्या में महिलाएं रवाना

**नारायणगढ़ :** लाड़वा के पूर्व विधायक डाण पवन सैनी के नेतृत्व में नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से काफी संख्या में महिलाएं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के पानीपत में आयोजित कार्यक्रम में रवाना हुई। महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत डाण पवन सैनी ने कहा कि पानीपत में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा सशक्त नारी विकसित भारत के अंतर्गत एलआईसी की बीमा सखी योजना का शुभारम्भ किया गया है तथा महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के मुख्य कैंपस उचानी का शिलान्यास भी किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में न केवल नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से बल्कि हरियाणा प्रदेश से भारी संख्या में महिलाएं पहुंची थी।

## अतिक्रमण कर बनाए गए पीर को हटाने व सरकारी जमीन को मुक्त न करने के मामले में विश्व हिन्दू परिषद आज निगम कमिश्नर को करेगा ऑफिस अरेस्ट : मंत्री महेंद्र शर्मा

**अंबाला शहर :** अंबाला विश्व हिन्दू परिषद के संगठन मंत्री महेंद्र शर्मा ने दी जानकारी में बताया कि 9 दिसंबर तक नगर निगम कमिश्नर अंबाला को पंचायत भवन के सामने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करके बनाए गए पीर को हटाने के लिए और सरकारी जमीन को मुक्त करने के लिए समय दिया गया था, परंतु ऐसा लगता है कि प्रशासन के अधिकारी अपनी प्रशासनिक जिम्मेदारियां का निर्वहन करने में असमर्थ है अब ऐसे असमर्थ अधिकारियों की जनता को जरूरत नहीं है और पूर्व निर्धारित घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता नगर निगम कमिश्नर को उनके इस काम को पूरा न करने के कारण उनको उनके ऑफिस में अरेस्ट करेंगे और जब तक इस गैर कानूनी ढांचे को ध्वस्त नहीं किया जाएगा तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा, उन्होंने कहा कि जब सरकारी अधिकारी अपनी सरकारी जमीन को खाली करने में असमर्थ व असहाय महसूस कर रहे हैं, तो यह निश्चित है कि यह लोग इस सारे काम को बढ़ावा देने के लिए हैं और अपने कार्यो व अपने दायित्वों का निर्वहं करने में असमर्थ है, ऐसे असक्षम अधिकारियों को सरकार को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर देना चाहिए। इसी कड़ी में मंगलवार की सुबह 10 बजे नगर निगम कमिश्नर को उनके कार्यालय में ऑफिस अरेस्ट किया जाएगा। वहीं उन्होंने सभी श्रीराम भक्तों व समाज के सभी वर्गो से अनुरोध किया है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में सुबह 9:30 बजे नगर निगम कार्यालय में पहुंचे और अपनी एकता का परिचय देते हुए ऐसे अधिकारियों के खिलाफ एकजुटता दिखाएं।

## अलग-अलग सड़क हादसे में बच्चे सहित तीन लोगों की मौत, महिला सहित दो बच्चियां गम्भीर हालत में पीजीआई रेफर

**नारायणगढ़ :** उपमंडल नारायणगढ़ में अलग अलग सड़क हादसे में बच्चे सहित तीन लोगो की मौत,महिला सहित दो बच्चीयां गम्भीर हालात में पीजीआई रेफर पर नारायणगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सादिकपुर -ओखल रोड़. पर कार व बाईक की टक्क्र में बाईक सवार 55 वर्षीय की मौत पर नारायणगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मिजार्पुर के जसबीर कुमार ने पुलिस थाना नारायणगढ़ में शिकायत देकर आरोप लगाया कि उसके पिता सुरेशपाल जो दस साल से नारायणगढ़ शुगर मिल में काम करते हैं। 7 दिसम्बर को वह किसी काम के लिये शहजादपुर काम निपटा कर अपने पिता के पास शुगर में चला गया था जहां से वह अपनी अपनी बाईक से घर के लिये निकले थे। ज बवह सादिकपुर रोड से ओखल की तरफ जाने लगे तो तबी वहा तेज रफ्तार कार ने मेरे पिता को अपनी चपेट में ले लिया जिसपर उसके पिता बुरी तरह घायल हो गये इसपर उसने अपने पिता को लोगो की मदद से सिविल अस्पताल नारायणगढ़ पहुंचाया ,जहां डाक्टरो ने पिता को मृत घोषित कर दिया। दूसरा सड़क हादसा हडबोन चौक पर पिकआप की चपेट में बाईक आने पर बाइक सवार एक व्यक्ति व बच्चे की मौत तथा एक महिला सहित दो बच्चीयां गम्भीर हालात में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर पर नारायणगढ़ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी अनुसार गुरमितसिंह निवासी शहाबाद मारकंड़ा ने पुलिस थाना नारायणगढ़ में शिकायत देकर आरोप लगाया कि 7 दिसम्बर को उसकी लड़की तरणजीत कौर का फोन आया था कि वह अपने तीन बच्चों के साथ दीपक निवासी बारवा जिला कुरूक्षेत्र के बाईक से माता त्रिलोकपुर जा रहे हैं। शाम करीब पौने 7 बजे उसकी लड़की के मोबाईल से किसी अंजान व्यक्ति का फोन आया कि हडबोन चौंक पर दुर्घटना हो गई हैं यह मोबाईल दुर्घटना में घायल महिला का हैं इसपर वह मौके पर पहुंचाया जहां पर सभी घायलों का नारायणगढ़ सिविल अस्पताल पहुंचाया दिया था लेकिन डाक्टरों ने मेरे दोहते अन्हदप्रीत सिह पुत्र मनप्रीत सिह वा दीपक को मृत घोषित कर दिया है और लडकी तरणजीत कौर वा दोनो दोहती को गम्भीर हालात में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया हैं राहगिर ने बताया कि तेज रफ्तार पिकआप गाड़ी वाले ने बाइक को टक्कर मारने पर यह हादसा हुआ हैं,मौके से आरोपी चालक फरार हो गया है।

## पत्रकार कुलतार सिंह की सड़क हादसे में मृत्यु



कुलतार सिंह

बाबैन, दिसंबर : गांव गुहन निवासी पत्रकार कुलतार सिंह की बीती रात सड़क हादसे में मृत्यु हो गई, जिससे उनके परिजनों और इलाके में शोक है। जानकारी अनुसार रविवार रात को कुलतार सिंह बाबैन से कुछ सामान लेकर मोटर साइकिल पर अपने गांव गुहन की ओर जाने लगा कि अचानक लाडवा रोड पर निरंकारी भवन के पास एक तेज रफ्तार कार के चालक ने लापरवाही से उसकी बाइक को टक्कर मार दी और फरार हो गया।कुलतार सिंह के निधन पर कुरूक्षेत्र, लाडवा, शाहाबाद, पिहोवा व बाबैन प्रेस क्लब के सदस्यों के अलावा क्षेत्र के गण्यमान्य जनो ने गहरा शोक प्रकट किया है।

# ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस

### 'हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी रहेगा 2024 का शीर्षक




करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन एम डी डी बाल भवन में किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन द्वारा एमडीडी बाल भवन के बच्चों को खाने का सामान वितरित किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने एमडीडी बाल भवन के संस्थापक पी आर नाथ के समाजसेवा के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन संपूर्ण भारतवर्ष में मानवाधिकारों की जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में हर साल 10 दिसंबर को मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है। यह वह दिन है जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। यह घोषणा दुनिया भर के इतिहास में एक मील का पत्थर है क्योंकि इसमें सभी लोगों को मौलिक अधिकार दिए गए हैं, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा इस बात पर प्रकाश डालता है कि हर व्यक्ति को बुनियादी स्वतंत्रता और सुरक्षा हासिल है, चाहे उसकी जाति, लिंग, धर्म, राष्ट्रीयता कुछ भी क्यों न हो। मानवाधिकार दिवस 2024 की थीम "हमारे अधिकार, हमारा भविष्य, अभी" है। यह इस बात पर गौर करता है कि मानवाधिकार हमारे रोजमर्रा के जीवन को कैसे प्रभावित करते हैं। संयुक्त राष्ट्र इस बात पर जोर देता है कि अब कार्रवाई करने और मानवाधिकारों के लिए वैश्विक आंदोलन को पुनर्जीवित करने का समय आ गया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पी आर नाथ, अजीत राही, पवन कंसल, गुंजन भटनागर, हरीश वधावन, सतीश मल्होत्रा, देवेंद्र अरोड़ा, संजय भटनागर, के एल, रणजीत गिल, महेंद्र छाबड़ा आदि उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्रशेखर ने की बैठक

### 14 दिसंबर को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन




करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल ।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर ने 14 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी ज्यूडिशियल अधिकारियों, इंश्योरेंस कम्पनी व बैंकों के मैनेजर व संबंधित विभागों के साथ मंगलवार को एक बैठक की। बैठक में उन्होंने नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में कोई भी व्यक्ति जिसका अदालत में कोई मुकदमा लंबित हो, वह ऐसे मामलों को रखकर उनका फैसला करवा सकता है। इसके अलावा प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमों के लिए स्थाई लोक अदालत, करनाल में 13 दिसंबर को लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्री लिटिगेशन स्टेज के मुकदमे रखकर उनका निपटारा किया जा सकता है। इसके अलावा यातायात संबंधित चालानों का भुगतान करने के लिए 10 दिसंबर से 13 दिसंबर तक जिला न्यायालय की अदालतों में प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नं. 0184-2266138 व नालसा हेल्पलाइन नं. 15100 पर संपर्क कर सकते हैं।

# क्षय रोग उन्मूलन के लिए 100 दिन के अभियान का हुआ शुभारंभ

### टी.बी. एक संक्रामक रोग, लक्षण दिखने पर तुरंत करवाएं जांच और इलाज: डॉ लोकवीर



करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** सिविल सर्जन डॉ. लोकवीर द्वारा मंगलवार को अपने कार्यालय में 100 दिन के क्षय रोग उन्मूलन के लिए अभियान का शुभारंभ मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉ. रविन्द्र संधु , उप सिविल सर्जन डॉ. नरेश, उप सिविल सर्जन डॉ. अमन, उप सिविल सर्जन डॉ. शीनू , उप सिविल सर्जन डॉ. नीलम, उप सिविल सर्जन डॉ. कैलाश तथा अन्य टीबी स्टाफ ने भाग लिया। सिविल सर्जन डॉ लोकवीर ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में अगले 100 दिनों तक मोबाइल मेडिकल टीमों द्वारा गांव-गांव जाकर आशंकित मरीजों की जांच की जाएगी। टीमों द्वारा मौके पर ही खून व बलगम जांच के सैंपल लेकर टीबी मरीजों की पहचान की जाएगी। यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण पाए जाते है तो वह नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर जांच व इलाज करवाएं। सभी सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर टीबी से संबंधित जांच व इलाज मुफ्त में किया जाता है। साथ ही उन्हे निक्षय पोषण योजना के तहत एक हजार रुपये प्रति माह पौष्टिक आहार के लिए देने का प्रावधान किया गया है। ताकि वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसलिए इसके लिए मरीजों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है । उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा टीबी को नोटिफाइबल डिजीज घोषित किया गया है, जिसके अन्तर्गत सभी प्राइवेट अस्पतालों/ क्लीनिक एवं लैब को टीबी के मामलों को रिपोर्ट करना आवश्यक है। डॉ लोकवीर ने बताया कि टी.बी. एक संक्रामक रोग है जोकि टीबी के मरीज के खांसने और छींकने से फैलता है। यह इंफेक्शन आसानी से हवा में घुल जाता है। शुरूआत में यह बीमारी फेफड़ों पर असर करती है। बाद में बैक्टीरिया खून के जरिये शरीर के अन।

# समाधान शिविर में रूचि न लेने वालों पर की रूकेगी सैलरी: उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया

### अब समाधान शिविर में दोनों वक्त होगी अधिकारियों की हाजिरी

>> समाधान शिविर में आई 61 समस्याएं, उपायुक्त ने दिए समाधान के निर्देश

>> समाधान शिविर में पहुंचने वाली समस्याओं का पुलिस विभाग के अधिकारी तत्काल करें समाधान: पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह



करनाल बीटू संधू

**हरियाणा।** सरकार के दिशानिदेशों पर प्रदेश भर में आयोजित किये जा रहे जनता समाधान शिविर लोगों के माफ दंड पर खरा उतर रहे है। इसमें वहीं लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे है जो ज्यादा जरूरतमंद है व जिनका प्रशासन पर अटूट विश्वास है। उपायुक्त डॉ.विरेन्द्र कुमार दहिया ने मंगलवार को समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि जो अधिकारी समाधान शिविर में रूचि नहीं ले रहे उनके खिलाफ अब सख्त कार्यवाही करने का समय आ गया है। उपायुक्त ने समाधान शिविर में उन अधिकारियों की संख्या बताई जो समाधान शिविर से गैर हाजिर रहे। उनकी सैलरी रोकने व उनके खिलाफ विभाग के उच्च अधिकारियों को अनुशासन हीनता बरतने पर कार्यवाही करने के आदेश दिए। उपायुक्त ने इस पर संज्ञान लिया ताकि समाधान शिविर की गरिमा बरकार रहे व लोगों का भरोसा समाधान शिविर के प्रति और बढ़े। उपायुक्त ने अब समाधान शिविर की हाजिरी दोनों समय लेने की बात कही। समाधान शिविर में 61 समस्याएं पहुंची जिनमें ज्यादातर समस्याएं फैमली आईडी से संबंधित आई। उपायुक्त ने संबंधित विभाग को तत्काल समाधान के निर्देश दिए।

### रियाडज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का नशे के विरुद्ध अभियान

## नशे के विरुद्ध किया जागरुक, कहा- बीड़ी सिगरेट और तम्बाकू आदि प्रतिबंधित नशे की ओर प्रथम चरण

>> हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के उप निरीक्षक डॉ अशोक गाँव गाँव साइकिल से पहुंच दे रहे सन्देश



करनाल पर्विंदर कौर

**पलवल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में नशे के विरुद्ध कड़े संज्ञान लिए जा रहे हैं तो नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत जहां युवाओं को जागरूक करने का बीड़ा उठाया गया है वहीं गाँव गाँव तक नशा मुक्ति का सन्देश देकर राज्य स्तरीय अभियान चलाया हुआ है। उच्चाधिकारियों के दिशानिर्देशों से ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए गाँव गाँव जा रहे हैं ताकि समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता हो। वे आज फरीदाबाद से साइकिल लेकर दुधौला, धतीर, जैन्दापुर गांव में पहुंचे। सड़क पर चलने वाले कुछ युवा धूम्रपान कर रहे थे। उन्हें नशे के दुष्प्रभाव बताकर उन्हें नशा छोड़ने के लिए प्रेरित किया और युवाओं ने भी उनको वचन दिया कि भविष्य में वे नशा नहीं करेंगे। तत्पश्चात वे के आर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धतीर पहुंचे। ग्राम के पूर्व सरपंच गिरी राज सिंह डागर की उपस्थिति में विद्यालय के 125 छात्र छात्राओं और 12 शिक्षकों ने नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस है। इस दिवस का उद्देश्य सबके अधिकारों की रक्षा करने।

## नगर पालिकाओं की मतदाता सूचियों में संशोधन का कार्य शुरू, 16 दिसंबर तक किया जाएगा पूरा : उपायुक्त।

### नगर पालिका तरावड़ी, नीलोखेड़ी, इंद्री व असंध के लिए पुनरीक्षण अधिकारी किए गए नियुक्त

>> 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का होगा अंतिम प्रकाशन



करनाल सुखविंदर सोही

**करनाल।** राज्य चुनाव आयोग हरियाणा पंचकूला की अधिसूचना की अनुपालना को लेकर उपायुक्त उत्तम सिंह ने जारी आदेश के तहत नगर पालिका तरावड़ी, नीलोखेड़ी, इंद्री व असंध की मतदाता सूची तैयार करने के लिए उच्च अधिकारियों को पुनरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया है। आदेशों के अनुसार नगर पालिका असंध के लिए एसडीएम असंध राहुल राय को पुनरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार से नगर पालिका नीलोखेड़ी के लिए एसडीएम अशोक कुमार, नगर पालिका इंद्री के लिए एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार सोनी तथा नगर पालिका तरावड़ी के लिए रोडवेज महाप्रबंधक कुलदीप सिंह को पुनरीक्षण अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त सभी पुनरीक्षण अधिकारियों की देख-रेख में संबंधित नगर पालिकाओं की मतदाता सूचियों में संशोधन का कार्य 16 दिसंबर 2024 तक पूरा किया जाएगा। विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची के मद्देनजर बूथवार संशोधित मतदाता सूची तैयार की जाएगी। यह कार्य 9 दिसंबर से शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन से संबंधित दावे व आपत्ति 17 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 तक आमंत्रित किए जाएंगे। इसके उपरांत 27 दिसंबर को प्राप्त दावे व आपत्तियों का निपटारा संबंधित पुनरीक्षण अधिकारी द्वारा किया जाएगा तथा 31 दिसंबर तक पुनरीक्षण अधिकारी के निर्णय से संतुष्ट न होने पर उपायुक्त के पास अपील कर सकते हैं। उपायुक्त द्वारा 3 जनवरी 2025 को इनका निपटारा कर दिया जाएगा। इसके उपरांत 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हो जाएगा।

# अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब पातशाही नौवीं में रैन बसाई कीर्तन समागम का किया गया भव्य समापन

### रैनबसाई कीर्तन समागम के दौरान दूर-दराज से पहुंचे रागी जत्थों ने शब्द कीर्तन कर संगतों को किया निहाल





अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब में आयोजित रैनबसाई समागम में कीर्तन करते जत्था तथा (दाएं) अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब में आयोजित रैनबसाई समागम श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाते संगते।

अंबाला शहर, दिसंबर : अंबाला शहर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री शीशगंज साहिब पातशाही नौवीं में रैन बसाई कीर्तन समागम का भव्य समापन किया गया। यह भव्य समागम देर शाम करीब 7 बजे से अमृतवेला सोमवार की सुबह तक जारी रहा। जिसमें दूर दराज से भारी संख्या में

#### कथा वाचकों ने संगत को गुरु साहिब के जीवन इतिहास से जोड़ा

पहुंची संगत ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज के समक्ष शीश नवाया और कीर्तन श्रवण किया। इस दौरान खालसा फौज जत्थे द्वारा हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के सहयोग से करवाए गए इस समागम में भाई जसपाल सिंह जालंधर, भाई अवनीत सिंह दिल्ली, मनप्रीत सिंह खन्ना, बीबी अंतर प्रीत कौर दिल्ली, खालसा फौज जत्थे सहित अन्य रागी जत्थों ने विभिन्न शब्द कीर्तन व कथाओं के माध्यम से संगत को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन इतिहास के बारे अवगत करवाया गया। यह शीश मार्ग यात्रा पुराना अस्पताल चौक, जगाधरी गेट, पटेल रोड, दाल बाजार, पुरानी मंडी, मीरी-पीरी चौक से होते हुए देर सायं ऐतिहासिक गुरुद्वारा शीशगंज साहिब पातशाही नौवीं में पहुंची। जहां संगतो द्वारा बहुत ही सुंदर ढंग से शीश मार्ग यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी की कार्यकारिणी समिति सदस्य तरविन्द्र पाल सिंह, जगदीप सिंह, हर्षप्रीत सिंह, हरलीन कौर, दमनप्रीत सिंह, मैनेजर प्रितपाल सिंह, उप मैनेजर अर्जुन सिंह, हेड ग्रंथी सतनाम सिंह, जतिन्द्र पाल सिंह, सतेन्द्र सिंह सहित विभिन्न धार्मिक जत्थेबंदियों के प्रतिनिधियों ने शब्द कीर्तन का आनंद लिया।

### 350 शहीदी शताबदी ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पातशाही नौवीं धमतान साहिब जिला जींद में मनाई जाएगी : तरविन्द्र पाल सिंह

**हरियाणा सिख गुरुद्वारा** मैनेजमेंट कमेटी की कार्यकारिणी समिति सदस्य तरविन्द्र पाल सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा सतसंगत साहिब जिस स्थान पर सुशोभित है, वहां श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहीदी उपरांत भाई जैता जी गुरु साहिब का शीश लेकर पहुंचे थे। बाद में संगत की प्रार्थना पर भाई जैता जी गुरु साहिब का शीश लेकर गुरुद्वारा शीशगंज साहिब, जहां पर सुशोभित है, उस स्थान पर पहुंचे। यहां भाई रामदेव जी ने सारी रात गुरु साहिब के शीश की सेवा करते हुए सुरक्षा की सेवा भी की। हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा वर्ष 2025 में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350 शहीदी शताबदी ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब पातशाही नौवीं धमतान साहिब जिला जींद में मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस निर्माण के लिए सामग्री हरियाणा कमेटी द्वारा मुहैया करवाई जा रही है, जबकि इसे बना कर तैयार करने की सेवा बाबा अमरीक सिंह द्वारा की जाएगी। इसके साथ ही काउंटर कड़ाह प्रसाद और फसल के लिए शैड बनाया जाएगा, वहीं गुरुद्वारा साहिब के परिसर में इंटरलॉक टाइल भी लगाने की परियोजना को हरी झंडी दी गई है।

# विवाहिता का फांसी पर झूलता मिला शव

## सूचना पर सीओ व कोतवाल मौके फर पहुंचे

■ कोंच



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा में एक 24 वर्षीय महिला का फांसी से झूलता हुआ शव मिला।सूचना पर मौक पर पहुंचे सीओ और कोतवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चंदुर्रा निवासी रिया उम्र 24 वर्ष पत्नी धीरज राठौर का शव सोमवार की सुबह घर के कमरे में लगे पंखे से साड़ी के सहारे लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिजन खेत में फ़सल की सिंचाई कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया गया मृतका की शादी बीते वर्ष 2019 में हुई थी जिसके 4 वर्षीय पुत्र ध्रुव है। मृतका का मायका कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बेड़ा में है। घटना को लेकर मृतका के मायके पक्ष द्वारा पुलिस को तहरीर दे दी गयी है।वही सीओ का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## नाबालिग किशोरी को परेशान करने पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कोंच।** नाबालिग किशोरी को परेशान करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी संग गाँव का ही युवक आते जाते समय रास्ते में अश्लील हरकतें कर उसे परेशान करता रहता है।शिकायत कर्ता ने बताया जव वह आरोपी युवक रिहान पुत्र जिब्राहीन के घर शिकायत करने गया तो वहाँ पर रिहान ने उल्टा उसे ही गालियां दी और जान से मारने की भी धमकी दी। उक्त मामले को लेकर पुलिस ने रिहाई के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर की।

## आम रास्ते पर अतिक्रमण करने की शिकायत उपजिलाधिकारी से की



**जालौन।** ग्राम हरीपुरा में कई लोग आम रास्ते मे खूंटा गाड़ कर अपने जानवरो को बांध रहे है जससे राहगीरों व वाहनों के निकलने में परेशानी होती है। ग्राम हरीपुरा निवासी सरमन पुत्र सुरेश कुमार ने उपजिलाधिकारी जालौन से मांग की है कि गांव के निवासियों से आम रास्ते मे अपने जानवरों को बांधने व अतिक्रमण करने से रोका जाये।

# चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े चार शातिर गिरफ्तार

■ उरई




थाना डकोर पुलिस टीम द्वारा चोरी की योजना बनाते हुये 04 अभियुक्तगण को 01 अदद तमन्चा मय कारतूस एवं चोरी करने के उपकरण आदि के साथ गिरफ्तार किया गया ।

जानकारी में बताया गया है कि जब पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ हेतु अभियान चला रहीं थी, तभी मुखबिर द्वारा सटीक सूचना प्राप्त हुई कि चार शातिर अपराधी चोरी की बरदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहें द्धद्ध, जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर चारों को दबोच लिया, अपराधियों के कब्जे से एक तमँचा जिंदा कारतूस, चाकूँ तथा चोरी में इस्तेमाल होने बाली लोहे की रौड आदि बरामद हुई, पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त हरिओम पुत्र प्राण सिंह राजपूत बंधोंली थाना डकोर, छोटू उर्फ शिवा पुत्र शिव शंकर निवासी राम नगर ईदगाह के पास उरई अभिषेक पुत्र अन्नू कश्यप निवासी गाँधी नगर उरई, आकाश वर्मा पुत्र जगदीश वर्मा निवासी कुसमीलिया थाना डकोर बताये गये है,गिरफ्तार अभियुक्तों में हरिओम तथा शिवा शातिर किस्म के अपराधी है,तथा विभिन्न थानो में दोनों पर अलग अलग आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज है, चारों अभियुक्तों पर विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कालपी -उरई ।** एक महीने पहले जोल्हुपुर मदारीपुर मार्ग में अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवाल ससुर साले के घायल होने की घटना में पीड़ित पक्ष के द्वारा कालपी कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया गया है।

उक्त घटना को लेकर वादी रामप्रकाश पुत्र श्यामलाल निवासी मुहल्ला सीर कदौरा ने कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 9-11-24 की दोपहर लगभग 12 बजे प्रार्थी के ससुर रामरतन पुत्र स्व. रामाधार निवासी ग्राम भैसापाली जिला हमीरपुर मोटर साइकिल से अपनी रिशेतदारी से चुर्खी से वापिस लौट रहे थे, तभी गोराकला महेवा के समीप अज्ञात मोटर साइकिल के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी इस दुर्घटना में ससुर तथा साला घायल हो गया। घायलों को झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

### जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 11 दिसंबर को

**उरई।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र प्रभात यादव ने बताया कि जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 11.12.2024 को अपरान्ह 3 बजे रानी लक्ष्मीबाई सभागार (विकास भवन), उरई में आहूत की जानी है। अत: उद्यमी सघों के पदाधिकारियों तथा जनपद के उद्यमी बन्धुओं, (जिनकी उद्योग से सम्बन्धित कोई समस्या हो) उनसे अनुरोध है कि कृपया समस्या तथा सुझाव सहित एवं सम्बन्धित सभी अधिकारीगण विगत बैठक के निर्णयों के अनुपालन में की गई कार्यवाही प्रगति सहित बैठक में भाग लेने का कष्ट करें ।

### ग्राम सुरक्षा समिति गठित

**कोंच।** सर्दियों के मौसम में चोरी जैसी घटनाओं को रोकने और अपराधी तत्वों की धरपकड़ करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा में 10 सदस्यीय ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया।क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह और प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने ग्राम चंदुर्रा पहुंचकर तमाम ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया। 10 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष प्रधान रविन्द्र कुमार को बनाया गया है जबकि चौकीदार पप्पू सहित ग्रामीण कल्लू पटेल, सुधीर सिंह, नरेंद्र कुमार, आबिद खां, जगदीश, अनिल आदि को समिति में बतौर सदस्य शामिल किया गया। सीओ ने बताया की सर्दियों के मौसम में चोरी की घटनाओं को रोकने, अवैध कार्यो में संलिप्त अपराधी तत्वों की धरपकड़ किए जाने और शांति सुरक्षा के उद्देश्य से प्रत्येक गाँव में ग्राम सुरक्षा समिति का गठन किया जा रहा है। गठित समिति सदस्य रात्रि के समय गाँव में गश्त करेंगे और संदिग्ध और बाहरी व्यक्तियों की जानकारी पुलिस को देंगे। वही प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सुरक्षा समिति गाँव की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखेगी तथा कोतवाली में सूचित करेगी।

# मार्गों के किनारे वाहन, बालू, गिट्टी व ईंटा का भण्डारण न किया जाए- जिलाधिकारी

## वीडियोकान्फ्रेसिंग के माध्यम से की गयी कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान दियें निर्देश

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, जिला पंचायत, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन दल प्रथम/द्वितीय), अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड/निर्माण खण्ड-1, 02 व 03, पकरियोजना निदेशक, राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण कानपुर/झाँसी, उप महाप्रबन्धक राष्ट्रीय औद्योगिक विकास प्राधिकरण को बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ द्वारा वीडियोकान्फ्रेसिंग के माध्यम से की गयी कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया है कि राष्ट्रीय राज मार्गो/राज्य मार्गो / जनपदीय/अर्न्तजनपदीय/ सम्पर्क मार्गों के किनारे वाहन खड़े न किए जाए और न ही इन मार्गों के किनारे बालू/गिट्टी/ईटा का भण्डारण किया जाए। मार्गो के किनारे वाहन खड़े करने से शीत लहर के दौरान कोहरा के रहते हुए वाहनों का प्रकाश अवरूद्ध हो जाता है जिससे तेज गति से आने वाले वाहनों की पहले से खड़े वाहनों में टक्कर होने की सम्भावना बनी रहती है, परिणामतः अप्रिय दुःखद घटनाएँ घटित होती हैं।

अतः क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि मार्गों के किनारे अनावश्यक वाहन खड़े न होने पाए और न हीं इन मार्गों के किनारे मौरम/ गिट्टी एवं ईटा आदि का भण्डारण ही रहने पाए। यदि क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान या जाँच के दौरान सड़कों के किनारे वाहन खड़े पाए जाते हैं तो संबंधित वाहन स्वामी / वाहन चालक के विरूद्ध सुसंगत मोटर अधिनियम /सड़क सुरक्षा अधिनियम में दी गयी व्यवस्था के अन्तर्गत कार्यवाही करें तथा इन वाहनों को जब्त कर निकटतम थाना में पुलिस अभिरक्षा में दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा कृत कार्यवाही आख्या भी उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के मद्देनजर वैवाहिक/पारिवारिक मामलों के निस्तारण की हुई बैठक

■ उरई

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के मद्देनजर वैवाहिक/पारिवारिक मामलों के अधिकाधिक निस्तारण हेतु बैठक जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव के दिशा-निर्देशन में एवं प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मनोज कुमार सिंह गौतम की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुयी।

प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह गौतम ने कहा कि जो दम्पति/पक्षकार कुटुम्ब न्यायालय में चल रहे विवादों में समझौता चाहते है, वे आगामी 14 दिसम्बर 2024 के आयोजन से पहले भीं अपने अधिवक्ता के माध्यम से अथवा स्वयं समझौता पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं और उन्होंने अधिवक्ताओं/मीडियेटर्स से यह भी अपील की कि वह अपने-अपने वादकारियों को सुलह हेतु प्रेरित करें, जिससे आगामी 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोकअदालत में अधिक से अधिक वैवाहिक/पारिवारिक मामलों का निस्तारण हो सके।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/अपर जिला जज राजीव सरन ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जनपद के पारिवारिक न्यायालयों में चल रहे वैवाहिक/दाम्पत्य और पारिवारिक मामलों को चिन्हित किया जाना है। इनमें से सुलह योग्य विचाराधीन वादों में प्री-ट्रायल कराया जा रहा है।

# एसडीएम-सीओ ने बिजलीघर का निरीक्षण करके कर्मचारियों से किया संवाद

■ कालपी-उरई



ऊर्जा विभाग में चल रही निजीकरण की प्रक्रिया पर पुलिस एवं प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा सतर्कता बरती जा रही हैं। उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी ने विद्युत सबस्टेशनों बाबई तथा न्यामतपुर का निरीक्षण किया कर्मचारियों से संवाद करके जानकारियां ली।

मालूम हो कि प्रदेश सरकार के द्वारा पीपी फार्मूले के तहत कम्पनियों के माध्यम से ऊर्जा विभाग की निजीकरण करने का फार्मूला तैयार हो रहा है, जबकि विद्युत विभाग के कर्मचारी नाराजगी जता रहे हैं। समझा जाता है कि अगर विभागीय कर्मचारी दूसरे रास्ते मे जाते हैं तो सरकार व्यवस्था बनाने के लिए तैयारी कर रही हैं। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह विद्युत सबस्टेशनों में स्थापित मशीनरी, ओसीबी, केबिल, मीटरों तथा ट्रांसफार्मरों आदि मशीनरी का निरीक्षण किया। इस दौरान ड्यूटी में मौजूद कार्यरत इंजीनियरों तथा कर्मचारियों से संवाद स्थापित करके आपूर्ति व्यवस्था के बारे जानकरी ली।

# महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु किया जागरूक

■ उरई



मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है । महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

# ठग सर्राफ ने कहा- बेईमान सुनारों ने सर्राफ के खिलाफ पुलिस को दिया प्राथर्ना पत्र

## दोनों पक्षों से आए प्रार्थना पत्रों की जांच में जुटी पुलिस

■ कोंच




बीते रोज रविवार को एक ग्राहक ने प्रभंजन ज्वेलर्स पर 85 प्रतिशत सोने को 73 प्रतिशत बताकर उसके साथ धोखाधड़ी करने की बात कहकर कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई किए जाने की बात की थी ठग सर्राफ ने उस ग्राहक को संतुष्ट करने के लिए नगर भर के सुनारों को सामूहिक तौर पर चोर बता दिया जिस पर पूरे बाजार के सुनार भड़क गए और प्रभंजन ज्वेलर्स के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोतवाली पहुंचे तथा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थनापत्र देने के बाद प्रभंजन ज्वेलर्स द्वारा आरोप लगाने वाले ग्राहक को संतुष्ट करने की पहल शुरू की गयी और किसी तरह वह संतुष्ट भी हो गया और वह चला गया। इसी दौरान प्रभंजन ज्वेलर्स के बाहर लगी भीड़ में दो युवकों में किसी बात को लेकर मारपीट हो गई जिसके बाद मामला बेहद गर्म हो गया और देखते ही देखते दोनों पक्षों के सैकड़ों लोग आमने सामने आ गए और दोनों तरफ से जमकर नोंकझोंक होने लगी। मामला इतना बढ़ा कि नौबत मारपीट तक आ गई थी। मामला बड़ता देख किसी ने पुलिस को सूचना दे दी सूचना पाकर तत्काल भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह व प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने मोर्चा संभाला और दोनों पक्ष के लोगों को लाठियां पटक कर खदेड़ा दिया तब कहीं जाकर शांति हुई। इस पूरे मामले को लेकर दोनों तरफ से तहरीरें पुलिस को दी गई हैं। सर्राफ प्रभंजन गर्ग ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि रविवार रात करीब साढ़े 9 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था तभी संजय सोनी पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी पटेल नगर अपने कुछ लोगों के साथ आए और गाली-गलौज करने लगे।वही दूसरी तरफ से संजय सोनी पुत्र रामेश्वर दयाल सोनी निवासी पटेल नगर ने भी पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि रविवार रात साढ़े 9 बजे वह मार्केट से निकल रहा था तभी देखा कि प्रभंजन ज्वेलर्स पर काफी संख्या में लोग एकत्रित थे। औपचारिकता वश उसने पूंछा कि क्या हो गया है तो प्रभंजन अग्रवाल, मृगेंद्र अग्रवाल पुत्रगण मुन्ना लाल अग्रवाल निवासी जवाहर नगर, डंपी यादव पुत्र कन्हैयालाल निवासी जयप्रकाश नगर, अजय अग्रवाल, बबलू आदि सहित तकरीबन 10-12 लोगों ने यह कहते हुए कि ज्यादा नेता बनता है, उसे लाठी-डंडों, लात-घूंसों से बुरी तरह मारा-पीटा। बचाने आए नीरज, पंकज, धीरज आदि के साथ भी उक्त लोगो द्वारा मारपीट की गयी और सुनार विरादरी को सामूहिक तौर पर गालियां देकर अपमानित किया गया सम्पूर्ण समाज को ठग सर्राफ एवं उसके गुर्गों ने गालियां दी इसी बात से नाराज सुनार समाज के लोग कोतवाली पहुंच गए।वही प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय का कहना है कि दोनो पक्षो से तहरीर दी गयी है जांच की जा रही है जांच में जो भी निकलकर आएगा उसी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## वारंटी गिरफ्तार

**उरई।** थाना रामपुरा पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त मानवेन्द्र सिहं पुत्र रणवीर सिहं नि0 ग्राम सुल्तानपुरा थाना रामपुरा जनपद जालौन को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

# खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



■ उरई

आज युवा कल्याण एवं प्रद्वदेशिक विकास दल जालौन के तत्वाधान में उश प्रश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विकास खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इंटरमीडिएट कॉलेज कुसमिलिया डकोर में आयोजित किया गया प्रतियोगिता का उद्घाटन श्री रमेश चंद्र शर्मा खंड विकास अधिकारी डकोर द्वारा फीता काटकार किया गया साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलाग अंसारी, वेत्रवती इण्टर कॉलेज जैसारी कला के प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार आदि मौजूद रहे कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण श्री वीरेंद्र राजपूत जिला मंत्री भाजपा के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए उक्त कार्यक्रम में श्री महेंद्र पटेल श्री मिथलेश सिंह एवं श्रीमती सुरेंदर कौर ने मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाई इस कार्यक्रम में श्री अमर सिंह श्री सुनील कुमार गुप्ता श्री नीरज कुमार पालीवाल शैलेन्द्र भरत तरुण आदि उपस्थित रहे अंत में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी डकोर अर्चना प्रजापति ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

## श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भाव विभोर श्रद्धालुओं से पंडाल जयकारों से गूंजा



**कालपी -उरई।** स्थानीय नगर में स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में गजानन मित्र मंडल कमेटी व महंत अनिल राव कान्हेरे के तत्वावधान में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन में कथा व्यास आचार्य गौरव शुक्ला ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण की जन्म कथा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। तथा कृष्ण भक्तो के जयकारों से पंडाल गुंजायमान हो उठा।

मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कथा व्यास आचार्य गौरव शास्त्री ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा।

श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई। एक-दूसरे को खिलौने और मिठाईयां बाटी गई। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन प्रस्तुत कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। इस अवसर पर अनिल महाराज, अंकुर द्विवेदी, हरिशंकर शुक्ला, शोभित पांडेय, अनमोल यादव, वरूण गुप्ता, आदि के अलावा महिलाओं तथा बच्चों की सहभागिता रही।

### इजरायल ने हवाई हमले में सीरियाई सेना के तीन प्रमुख एयरबेस को निशाना बनाया

# असद के भागते ही सीरिया पर इजरायल का बड़ा हमला, 3 एयरबेस पर की बमबारी

- इजरायल ने रासायनिक हथियार डिपो पर किया हमला
- लताकिया स्थित सीरियाई नौसैनिक अड्डे को भी उड़ाया
- बफर जोन में घुसी इजरायली सेना, हमले रहेंगे जारी

एजेंसी, अम्मान



इजरायल ने बशर अल असद के देश से भागने के बाद सीरिया पर बड़ा हमला किया। जानकारी के मुताबिक इजरायल ने हवाई हमले में सीरियाई सेना के तीन प्रमुख एयरबेस को निशाना बनाया है। बमबारी में दर्जनों हेलीकॉप्टर और जेट विमान को नुकसान पहुंचा है। उत्तर-पूर्व सीरिया में कमिशली हवाई अड्डा, होम्स के ग्रामीण इलाकों में शिनशर हवाई अड्डा और राजधानी दमिश्क के दक्षिण-पश्चिम में अकरबा एयरबेस को निशाना बनाया गया है। इसके अलावा राजधानी दमिश्क के बाहरी इलाके में स्थित एक शोध केंद्र और सईदा जैनब क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक युद्ध केंद्र पर भी हमला किया गया है। इजरायली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि इजरायल सीरिया के उन्नत हथियारों के भंडार पर हवाई हमले बढ़ाएगा और जमीन पर सीमित सैन्य मौजूदगी को बनाए रखेगा, ताकि बशर अल-असद के तख्तापलट के बाद पैदा होने वाली किसी भी खतरे को रोका जा सके।

### हम हर कदम उठाएंगे


इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने कार्यालय में देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम सीरिया में नई स्थिति के बाद अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने कहा कि सेना पूरे सीरिया में भारी रणनीतिक हथियारों को नष्ट करेगी। सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, वायु रक्षा प्रणाली, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, क्रूज मिसाइलें, लंबी दूरी के रॉकेट और तटीय मिसाइलें को भी तबाह किया जाएगा। एक वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कहा कि आने वाले दिनों में हवाई हमले जारी रहेंगे। इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा कि इजरायल को सीरिया के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने में कोई दिलचस्पी नहीं है और वह केवल अपने नागरिकों की रक्षा के प्रति चिंतित है।

### बफर जोन में घुसी इजरायली सेना

विदेश मंत्री ने कहा कि हम रणनीतिक हथियार प्रणालियों और बचे हुए रासायनिक हथियारों व लंबी दूरी की मिसाइलों, रॉकेटों को तबाह कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह है कि ये खतरनाक हथियार चरमपंथियों के हाथों में न लगे। इस बीच इजरायल की सेना ने गोलान हाइट्स पर सीरिया की सीमा पर लगी बारूदी सुरंग को हटा दिया है। इसके अलावा सीरिया के बफर जोन में इजरायल की सेना घुस चुकी है।

### हरमीत ढिल्लों को मिली बड़ी जिम्मेदारी

# ट्रंप की टीम में एक और भारतीय की जगह





एजेंसी, वॉशिंगटन

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टीम में भारतवंशी की धमक बढ़ती जा रही है। अब ट्रंप ने एक और भारतवंशी को अपनी नई कैबिनेट में बड़ी जिम्मेदारी दे दी है। ट्रंप ने सोमवार को भारतीय अमेरिकी वकील हरमीत के ढिल्लों को न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में नामित किया। डोनाल्ड ट्रंप ने इसको लेकर एक पोस्ट भी लिखा, उन्होंने कहा, 'मुझे अमेरिकी न्याय विभाग में नागरिक अधिकारों के लिए सहायक अटॉर्नी जनरल के रूप में हरमीत के ढिल्लों को नामित करते हुए खुशी हो रही है। अपने पूरे करियर के दौरान, हरमीत हमारी प्रतिष्ठित नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए लगातार खड़ी रही हैं।

### 'संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करेंगी ढिल्लों'

ट्रंप ने ये भी कहा, ढिल्लों ने मुक्त भाषण पर रोक लगाने के लिए तकनीकी कंपनियों को आड़े हाथों लिया, उन ईसाइयों का प्रतिनिधित्व किया जिन्हें कोविड-19 महामारी के दौरान एक साथ प्रार्थना करने से रोका गया था डोनाल्ड ट्रंप ने आगे कहा कि हरमीत सिख समुदाय की एक सम्मानित सदस्य हैं। न्याय विभाग में हरमीत हमारे संवैधानिक अधिकारों की अथक रक्षक होंगी और हमारे नागरिक अधिकारों और चुनाव कानूनों को निष्पक्ष और दृढ़ता से लागू करेंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 160 फुट गहरे बोरवेल में गिरा 5 साल का आर्यन



**दौसा।** पापडदा के कालीखाड़ की दांगडा ढाणी में सोमवार शाम 160 फुट गहरे बोरवेल में गिरे बालक को अभी तक नहीं निकाला जा सका है। रेस्क्यू ऑपरेशन में जयपुर से आई एसडीआरएफ, अजमेर की एनडीआरएफ टीम के साथ एक्सपर्ट भी जुटे हुए हैं। करीब 16 घंटे से बोरवेल के आसपास 7 जेसीबी और 3 एलएनटी मशीनें खुदाई में लगी हैं। सोमवार शाम करीब 4 बजे शुरू हुए इस ऑपरेशन में बालक की मूवमेंट कैमरे पर देखी जा रही है। कैमरे में 150 फीट पर बालक का मूवमेंट दिखाई दिया।

### बस हादसे में मरने वालों का आंकड़ा सात पहुंचा



**मुंबई।** मुंबई के कुर्ला पश्चिम रेलवे स्टेशन के अंबेडकर नगर में सोमवार की रात को एक भीषण बेस्ट बस दुर्घटना हुई। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि सोमवार रात मुंबई में बेस्ट बस के पैदल यात्रियों और वाहनों से टकराने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 49 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा कुर्ला में बीएमसी एल वार्ड के पास हुआ। पुलिस का मानना है कि ब्रेक फेल होने के कारण यह दुर्घटना हुई। इस हादसे के बाद 50 वर्षीय बस चालक संजय मोरे को हिरासत में लिया गया है।

### संभल में 13 घरों की हुई तलाशी



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा को लेकर पुलिस ने समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क के पास के घरों में सोमवार को दबिश दी। पुलिस ने 13 घरों की तलाशी ली। तीन घरों में तमंचे समेत संदिग्ध सामान बरामद हुए। पुलिस ने सारा सामान सील कर दिया है। संभल के पुलिस अधीक्षक कृष्ण बिश्नोई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो थाने की फोर्स और आरएफ, आरआरएफ और पीएसी की टोली बनाकर 13 घरों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, जिसमें तीन घरों में संदिग्ध चीजें मिली हैं।

बर्फबारी



उत्तराखंड के चार धाम केदारनाथ/बद्रीनाथ में ताजा बर्फबारी हुई।

### दया याचिकाओं पर विचार करने के लिए अलग सेल बने

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दोषियों की दया याचिकाओं के शीघ्र निपटारे के लिए सोमवार को कई निर्देश पारित किए और निर्देश दिया कि ऐसी याचिकाओं से निपटने के लिए राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों के गृह विभाग अथवा जेल विभाग की ओर से अलग से एक सेल का गठन किया जाए। जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, यह सेल संबंधित सरकारों की ओर से निर्धारित समय सीमा के भीतर दया याचिकाओं के तेजी से निपटारा करने की जिम्मेदारी उठाएगा। पीठ ने कहा, इसी काम के लिए समर्पित इस सेल का एक प्रभारी अधिकारी होगा जिसे एक पदनाम के तहत नियुक्त किया जाएगा।

### पुलिस ने एक और आरोपी गिरफ्तार किया

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता सचिन कुर्मी की हत्या मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अब तक इस मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। सचिन कुर्मी हत्याकांड में हाल ही में मकोका के तहत कठोर कार्रवाई करने वाली मुंबई क्राइम ब्रांच ने चौथे संदिग्ध गोविंद यादव को बांद्रा से गिरफ्तार किया है। गोविंद यादव पर अपराध में शामिल लोगों को सिम कार्ड मुहैया कराने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अब तक चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इनका नाम आनंद काले,विजय काकड़े, गोविंद यादव और प्रफुल पाटकर है। पुलिस ने पुष्टि की है कि प्रफुल पाटकर का गिरोह एनसीपी के सदस्य सचिन कुर्मी की हत्या के लिए जिम्मेदार था।

### आर्थिक विकास को रफ्तार देने की मांग और तेज हो गई

# बढ़ती महंगाई, सुस्त पड़ती अर्थव्यवस्था...नए आरबीआई गवर्नर के सामने होगा चुनौतियों का पहाड़

- दूसरी तिमाही में विकास दर घटने के बाद कर्ज को सस्ता करके आर्थिक विकास को रफ्तार देने की मांग हुई तेज
- शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समिति ने 11वीं बार ब्याज दरों को स्थिर रखने का किया है फैसला

एजेंसी, नई दिल्ली

संजय मल्होत्रा उस समय भारत के केंद्रीय बैंक के गवर्नर की जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं जब आरबीआई के सामने यह सवाल उठ खड़ा हुआ है कि वह महंगाई पर ज्यादा ध्यान दे या सुस्त होती अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के लिए ब्याज दरों को कम करे। विगत एक महीनों के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ब्याज दरों को घटाने की मांग की है। जिस तरह से दूसरी तिमाही में आर्थिक विकास दर घटी है, उससे कर्ज को सस्ता करके आर्थिक विकास को रफ्तार देने की मांग और तेज हो गई है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली मौद्रिक नीति समीक्षा समिति ने पिछले शुक्रवार को लगातार 11वीं बार ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया है।





### टिहरी और मुक्तेश्वर में पारा सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस तक नीचे आय

# नैनीताल-औली समेत उत्तराखंड में जबरदस्त बर्फबारी

एजेंसी, देहरादून

उत्तराखंड में मंगलवार से मौसम ने करवट ली। जिसके बाद बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री एवं यमुनोत्री धामों के अलावा, हर्षिल, हेमकुंड साहिब, औली के साथ कुमाऊं मंडल में मुनस्यारी, बागेश्वर, नैनीताल की ऊंची चोटियों व रानीखेत-मुक्तेश्वर में हिमपात हुआ। सोमवार को टिहरी और मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। यहां दोपहर को भी ठिठुरन रही। मौसम विभाग ने मंगलवार को 12 जनपदों में शीत लहर चलने का यलो अलर्ट जारी किया गया है। पर्वतीय क्षेत्र में बर्फबारी होने से मैदान में तापमान एकाएक गिर गया है। सोमवार को अधिकतम तापमान में सात और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई।

### देहरादून के कई हिस्सों में बारिश

मंगलवार को दून के कुछ हिस्सों में करीब आधा घंटे वर्षा हुई, जबकि दून विवि, आइएसबीटी, कारगी चौक, पटेलनगर आदि क्षेत्रों में केवल बूंदाबांदी ही हुई। दून का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस से कम 21.1 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पंतनगर का अधिकतम तापमान सामान्य से एक कम 23.1 व न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस कम 8.0 व न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस कम -1.5 डिग्री सेल्सियस रहा। टिहरी का अधिकतम तापमान सामान्य से सात डिग्री सेल्सियस कम 10.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री कम 1.8 डिग्री सेल्सियस रहा।



### कुमांऊ की ऊंची चोटियों में हुआ हिमपात

दिसंबर के दूसरे पखवाड़े की शुरुआत शीतकालीन हिमपात के साथ हुई है। लंबे समय से बर्फ का इंतजार कर रही चोटियां सोमवार सुबह सफेद हो गईं। गढ़वाल के चारधाम के अलावा हर्षिल, गोरसों, औली, हेमकुंड साहिब के अलावा कुमाऊं के पिथौरागढ़, बागेश्वर, नैनीताल की ऊंची चोटियों के साथ ही मुनस्यारी और मुक्तेश्वर में हिमपात हुआ है। मुनस्यारी के उच्च हिमालय क्षेत्र में रात से ही हिमपात जारी है। थल-मुनस्यारी मार्ग पर कालामुनि, बिटलीधार, पातलथौड़, बलाती, खलिया के साथ ही नंदादेवी से लेकर लिपुलेख व नंदाकोट, त्रिशूल, राजरंभा, पंचाचूली, हंसलिंग, सिदमधार, आदि कैलास, ओम पर्वत में सुबह बर्फ नजर आई। पिथौरागढ़ जिले के निचले क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी शुरू हो चुकी है। बागेश्वर के पिंडारी क्षेत्र में सुबह चार बजे से हिमपात हो रहा है। नैनीताल जिले के मुक्तेश्वर में बर्फ देख पर्यटकों के चेहरे खिल गए।

# राहुल के बाद अब सोनिया की गद्दारी के सबूत

**सोनिया गांधी के खिलाफ सबूत यह है कि वह उस संगठन की उपाध्यक्ष हैं, जिसे जॉर्ज सोरोस फंडिंग करता है।**

इंडिया गेट से

अजय सेतिया की कलम से



9 दिसंबर को सोनिया गांधी का जन्मदिन था। नरेंद्र मोदी ने सोनिया गांधी के स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करते हुए उन्हें एक गिफ्ट भी भेजा। गिफ्ट ऐसा कि 10 जनपथ में खलबली मच गई है। मोदी 10 साल तक चुप रहकर विष पीते रहे। लेकिन, अब उन्होंने मां बेटे के धागे खोलने शुरू कर दिए हैं। मोदी ने सोनिया गांधी के जन्मदिन पर उनके भारत विरोधी षड्यंत्रकारियों के साथ सांठगांठ का सबूत भेज दिए हैं। पहले राहुल गांधी को देशद्रोही कहा गया था, अब सोनिया गांधी पर देशद्रोह का आरोप लगाया गया है। राहुल गांधी ने मोदी-अडाणी की रट लगाई हुई है। उन्होंने संसद भवन के भीतर फिर एक ड्रामा किया, जब उन्होंने मोदी और अडाणी का मुखौटा लगाए दो सांसदों से बातचीत की। संसद भवन के भीतर इस तरह की घटिया स्तर की नौटंकी पहले कभी नहीं हुई थी। विपक्ष का नेता बनने के बाद उनके रिकॉर्ड में दो नौटंकियां दर्ज हो चुकी हैं, पिछले सत्र में वह उपराष्ट्रपति की नकल करने वाले तृणमूल सांसद का वीडियो बना रहे थे। राहुल गांधी अडाणी के मुद्दे पर जेपीसी की मांग कर रहें हैं तो भाजपा के सांसदों ने गांधी परिवार के जॉर्ज सोरोस के साथ रिश्तों पर जेपीसी की मांग कर दी है। जॉर्ज सोरोस वह आदमी है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को चौपट करना चाहता है और मोदी को सत्ता से हटाने के लिए एक अरब डॉलर खर्च कर चुका है। भाजपा ने कल तक तो राहुल गांधी को जॉर्ज सोरोस का एजेंट बता कर देशद्रोही कहा था, लेकिन अब सोनिया गांधी के जॉर्ज सोरोस के साथ रिश्तों के धागे खोल दिए हैं। सोनिया गांधी के भारत के हितों के खिलाफ काम करने का सबूत यह है कि वह उस संगठन की उपाध्यक्ष हैं, जिसे जॉर्ज सोरोस फंडिंग करता है और जिसने कश्मीर को 'आजाद देश' बनाने का प्रस्ताव पास किया है। इस संस्था का नाम है, 'फोरम फॉर डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पेसेफिक'। लोकतंत्र के नाम पर यह संस्था म्यांमार और मणिपुर में ईसाइयत का प्रचार करती है। मणिपुर के कुकी समुदाय के लोग लगभग 100 फीसद ईसाई हो चुके हैं। यह भारत में अलग ईसाई प्रदेश बनाने की अंतर्राष्ट्रीय साजिश है। इसलिए राहुल गांधी कुकी समुदाय के लोगों का हौसला बुलंद करने के लिए बार-बार मणिपुर जाते हैं और नरेंद्र मोदी से अडाणी और मणिपुर पर ही सवाल करते हैं, ये दोनों मुद्दे जॉर्ज सोरोस के एजेंडे पर हैं। सोनिया गांधी इस संस्था में राजीव गांधी फाउन्डेशन की तरफ से शामिल हुई है। इस संस्था की वेबसाइट पर चार प्रस्ताव दिखाए गए हैं, जिनमें एक प्रस्ताव में पाकिस्तान की तारीफ की गई है और दूसरे प्रस्ताव में जम्मू कश्मीर को 'आजाद देश' बनाने की पैरवी की गई है। सोनिया गांधी को कटघरे में खड़ा करके भाजपा ने पूछा है कि क्या वह इस प्रस्ताव से सहमत हैं। क्या राजीव गांधी फाउंडेशन के बाकी कांग्रेसी सदस्य भी इस प्रस्ताव से सहमत है। अगर सोनिया गांधी इस प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं तो उन्होंने इस प्रस्ताव के खिलाफ संस्था से इस्तीफा क्यों नहीं दिया। सोनिया गांधी पिछले 36 साल से भारत की संसद की सदस्य हैं। यह प्रस्ताव भारत की ससंद में पारित प्रस्ताव के भी खिलाफ है, जिसमें कहा गया था कि न सिर्फ कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, बल्कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भी भारत का हिस्सा है, जिसे वापस लिया जाएगा। अब इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस संस्था की सोनिया गांधी उपाध्यक्ष है, उसे वह जॉर्ज सोरोस फंडिंग करता है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को चौपट करना चाहता है और मोदी सरकार का तख्ता पलटने की सार्वजनिक घोषणा कर चुका है। मोदी को चुनावों में हराने के लिए जॉर्ज सोरोस ने राहुल गांधी को हर तरह का सहयोग दिया था। सवाल खड़ा होता है कि क्या जॉर्ज सोरोस ने राजीव गांधी फाउंडेशन को भी फंडिंग की है। भाजपा के सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने सोनिया गांधी से मांग की है कि वह अपनी स्थिति साफ करें। राजीव गांधी फाउंडेशन पहले धर्मांतरण करवाने वाले जाकिर नाईक से भी पैसा ले चुकी है। लोकसभा में निशिकांत दुबे ने ओसीसीआरपी के साथ राहुल गांधी की सांठगांठ का खुलासा किया था। तीन दिन बाद अब सोनिया गांधी के जॉर्ज सोरोस के साथ सीधे संबंधों का खुलासा किया गया है। कहने को ओसीसीआरपी संगठित अपराधों और भ्रष्टाचार के खिलाफ पत्रकारों का संगठन है, लेकिन ओसीसीआरपी अमेरिका की डीप स्टेट के लिए काम करता है और अमेरिका का डीप स्टेट, जिसमें जॉर्ज सोरोस भी शामिल है, वह ओसीसीआरपी को फंडिंग करते हैं। ओसीसीआरपी पिछले लंबे अरसे से भारतीय उद्योगपति गौतम अडाणी के खिलाफ तरह-तरह की खबरें लिख रहा है। पिछले दिनों गौतम अडाणी की ओर से कुछ राज्य सरकारों को ग्रीन गैस सप्लाई के लिए कथित तौर पर रिश्वत देने का आरोप भी ओसीसीआरपी ने लगाया था। हालांकि, जिन सरकारों को रिश्वत देने का आरोप था, उनमें ओडिशा, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और छतीसगढ़ की सरकारें थी। इन सब राज्यों में उस समय गैर भाजपा सरकारें थीं। राजस्थान और छतीसगढ़ में तो कांग्रेस की सरकारें थीं। राहुल गांधी ने अपने पूर्व मुख्यमंत्रियों से नहीं पूछा है कि उन्हें रिश्वत मिली थी या नहीं। अशोक गहलोत और भूपेश बघेल ने भी अभी तक ओसीसीआरपी की रिपोर्ट का खंडन नहीं किया है कि अडाणी ने उन्हें रिश्वत दी या रिश्वत की पेशकश की।

संपादकीय

# बाधित संसद

> अगर विपक्ष गौतम अडानी, संभल और मणिपुर पर संसद चर्चा चाहता है तो सरकार इससे भाग क्यों रही है? संसद चलने देने की जिम्मेदारी सरकार की भी है।

**जब** से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हुआ है, संसद बाधित चल रही है। संसद में सोमवार को भी हंगामा देखने को मिला। सोमवार सुबह जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्षी सांसदों ने अडानी मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित हो गई है। जिस कारण संसद में लोकसभा की कार्यवाही स्थगित हो गई। बीते सोमवार से शुरू हुए संसद सत्र में अभी तक कोई खास विधायी कामकाज नहीं हो सका है और पहला हफ्ता हंगामे की भेंट चढ़ गया। एक भी दिन न तो शून्यकाल हुआ और ना ही प्रश्नकाल चल सका। राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार को आड़े हाथ लेते हुए बड़ा हमला किया। वह मोदी और अडानी की प्रतीकात्मक तस्वीर पर तंज कसते हुए पूछ रहे हैं कि आप पार्लियामेंट नहीं चलने दे रहे हैं। उन्होंने उपहास करते हुए कहा आपकी कब से पार्टरनशिप चल रही है और आपका फ्यूचर प्लान क्या है। संसद चलने की जिम्मेदारी सिर्फ विपक्ष की ही नहीं है, सत्ता पक्ष की भी है। विभिन्न मुद्दों पर नियम 267 के तहत चर्चा के लिए कुल 20 नोटिस मिले हैं। अडानी समूह पर लगे आरोपों पर चर्चा करवाने की मांग को लेकर कांग्रेस समेत कई दलों के नेताओं ने नोटिस दिए। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के सांसदों ने संभल में हुई हिंसा के मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने दिल्ली में अपराध के बढ़ते मामलों पर चर्चा के लिए नोटिस दिया है। अगर विपक्ष गौतम अडानी, संभल और मणिपुर पर संसद चर्चा चाहता है तो सरकार इससे भाग क्यों रही है? एक दिन पहले ही प्रधानमंत्री ने कहा कि नॉर्थ-ईस्ट में जितनी शांति आजकल है, उतनी कभी नहीं रही। क्या मणिपुर नॉर्थ-ईस्ट का हिस्सा नहीं है? इससे भी बढ़कर क्या भारत का हिस्सा नहीं है? अगर वहां शांति है, तो सरकार संसद में इस पर चर्चा क्यों नहीं करना चाहती? गौतम अडानी का संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं है और अमेरिका में गौतम अडानी और उनके भतीजे पर कोई कानून कार्यवाही हुई तो इससे सरकार को क्यों परेशान होना चाहिए? संभल में जो कुछ हुआ, उस पर भी संसद में चर्चा होनी चाहिए। संभल की घटना पर यूपी सरकार कुंडली मार कर बैठ गई है। संभल में विपक्षी दलों को नहीं जाने दिया जा रहा है। इसलिए संभल पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। वहां क्या हुआ, किसके इशारे पर हुआ, यह सब सामने आना चाहिए।

पाठकवाणी

### अब संभलकर ही खेले टीम टीम इंडिया

**आस्ट्रेलिया** में बार्डर-गावस्कर ट्राफी का पहला मैच हार कर भारी मनोवैज्ञानिक दबाव का सामना कर रही आस्ट्रेलियाई टीम का दुसरे मैच में पलटवार स्वाभाविक ही था। पहली पारी में कंगारूओं ने बल्लेबाजी की कमर तोड़ कर रख दी और दूसरी पारी में भी टीम को ताश के महल की तरह ढहा दिया। महज तीन दिनों से भी कम समय में जिस तरह मैच का परिणाम 10 विकेट से भारत की हार के रूप में सामने आया है, वह आने वाले मैचों के लिए खतरे की घंटी है। यह जगजाहिर है कि ऑस्ट्रेलिया की टीम पलटवारी में माहिर है और उसके पुछल्ले बल्लेबाज भी हार को जीत में बदलने की कुवत रखते हैं। अतीत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी ऐसा कई बार कह चुके हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों के जुझारूपन से भारतीय खिलाड़ियों को सबक लेना चाहिए। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जीतने के लिए अपना सब कुछ झोंक देते हैं। श्रृंखला में बराबरी के बाद ऑस्ट्रेलिया टीम का हौसला बुलंदी पर है। अपने होमग्राउंड, दर्शकों और खिलाड़ियों के बीच उसे उम्दा प्रदर्शन का मौका है, जिसे वह हर हाल में भुनाने का प्रयास करेंगे। भारतीय टीम को अब अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए जिसके लिए वह जानी जाती है। मुकाबला बराबरी पर होने के बाद उम्मीद की जानी चाहिए कि बाकी बचे मैच रोमांचक, संघर्ष भरे और दिलचस्प होंगे।

**-अमृतलाल मारू 'रवि'**, इंदौर

कुछ खास



देश में पिछले दस वर्षों से मुसलमानों के खिलाफ हिंसा हो रही है। मॉब लिंचिंग का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बच्चों को राम नाम जपने के लिए पीटा जा रहा है। ये वही लोग हैं, जो कह रहे हैं कि देश में रामराज्य है।

**-इल्तिजा मुफ्ती**, पीडीपी नेता

आज का ट्वीट



''अडानी के दलाल संसद नहीं चलने दे रहे हैं। अब प्रधानमंत्री को बताना होगा कि उन का 56 इंच का सीना देश प्रेम के लिए है या अडानी प्रेम के लिए।''

**-प्रियंका चतुर्वेदी**

साइबरवर्ल्ड

### पूजा स्थल एक्ट का विरोध क्यों?

माननीय उच्चतम न्यायालय में अगामी 12 दिसम्बर को पूजास्थल एक्ट के विरोध में छह याचिकाओं पर सुनवाई होगी। यदि अदालत ज्ञानवापी की तरह ही फैसला सुनाती है तो यकीन मानिए देश में खुदाई की सुनामी चल पड़ेगी तब जो हासिल होगा वह बहुत डरावना और कड़वे सच की तरह होगा। इससे सबसे ज्यादा आहत हिन्दू मंदिर होंगे, क्योंकि अभी चुप बैठे बौद्ध हजारों मंदिरों को तुड़वाकर उन्हें बौद्ध मठ में बदलने सक्रिय हो जाएंगे। वे इस वक्त विश्व के तीसरे बड़े धर्म के अनुयाई हैं। उनकी सक्रियता का भान इसी से हो जाता है कि उन्होंने भारत में हिंदुओं द्वारा कब्जे में लिए बौद्ध मठों की सूची तैयार कर ली है, वे भी इस कार्रवाई के लिए याचिका लगा सकते हैं। पुरातत्व विभाग ने यह भी खोज कर ली है कि प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के नीचे बौद्ध तीर्थ स्थली है। इसीलिए बहुत सोच-समझकर पीवी नरसिंह राव सरकार ने पूजा स्थल एक्ट बनाया था, क्योंकि बाबरी आंदोलन शुरू हो चुका था। जिसकी दुखद परिणति बाबरी ध्वंस के रूप में सामने आई। बाबरी घटना के बाद जो एक्ट इस बाबत बना उसमें पुराने धर्म स्थलों की सुरक्षा के प्रावधान हैं। तथा तोड़ने वालों के लिए तीन साल की सजा का प्रावधान है। अब सर्वोच्च न्यायालय 12 दिसम्बर को यह तय करेगा कि क्या पूजा स्थल अधिनियम, 1991, जो पूजा स्थलों को 15 अगस्त, 1947 को उनके धर्म से अलग धर्म में परिवर्तित होने से रोकता है, संवैधानिक रूप से वैध है या नहीं। न्यायालय का यह निर्णय देश भर में अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष लंबित पूजा स्थलों की 'वास्तविक प्रकृति' से संबंधित अनेक चुनौतियों की दिशा भी तय करेगा। यह निर्णय बहुत महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि यदि यह अधिनियम मान्य होता है तो ज्ञानवापी से लेकर मथुरा,संभल अजमेर शरीफ और आने वाले कई विवादित स्थलों को जड़ से खत्म कर देंगे यानि यथास्थिति रखेंगे जिससे देश भाईचारे में बढ़ रहे तनाव को खत्म किया जा सकेगा। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि भक्तों को इस एक्ट पर आपत्ति क्यों है? वे नहीं चाहते देश में मोहब्बत कायम रहे।

**-सुसंस्कृति परिहार** की फेसबुक वॉल से

सामयिक

# सवाल और बहस के लिए है संसद



**शाहीन सबा**

> संसद साल भर में सीमित अवधि के लिए चलती है और उसमें भी उसका एक लंबा हिस्सा हठधर्मिता और बहिर्गमन जैसे प्रसंगों में निकल जाना न सिर्फ चिंता का विषय है, बल्कि देश की संसदीय व्यवस्था और उसकी उपादेयता पर भी नए सिरे से सोचने को बाध्य करता है। विपक्ष अगर जांच या बहस की मांग करता है तो इसमें सरकार को आपत्ति क्यों होनी चाहिए?

**पि**छले साल जनवरी में अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट ने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी के समूह पर वित्तीय अनियमितताओं का जो आरोप लगाया था, वह सिलसिला अब एक प्राइवेट कंपनी से चलकर खुद अमेरिकी सरकार तक आ गया है। अमेरिका के कानून विभाग का आरोप है कि अडानी समूह ने कारोबारी लाभ लेने के लिए लगभग ढाई हजार करोड़ रुपयों का घूस भारतीय अधिकारियों व नेताओं को देकर आंकड़ों का फर्जीवाड़ा किया है, जिससे इस समूह में निवेश किए अमेरिकी नागरिकों व बैंकों के हितों को नुकसान पहुंचा है और इस प्रकार यह एक आपराधिक मामला है।

गौतम अडानी के भतीजे का मोबाइल फोन जब्त कर अमेरिकी अधिकारियों ने कुछ सूचनाएं निकाली थीं, जिसके बाद वहां की अदालत ने यह आपराधिक मामला दर्ज किया है। मामले की गंभीरता इसलिए गौरतलब है कि इसने दुनिया के अन्य देशों का भी ध्यान और कार्यवाही को आकर्षित किया है। केन्या ने तो तुरन्त कार्यवाही करते हुए अडानी समूह से हुए 736 मिलियन डॉलर के पावर प्रोजेक्ट का करार रद्द कर दिया है।

इधर देश में, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस की अगुआई में कई अन्य विपक्षी दलों ने संसद के चल रहे शीतकालीन सत्र में इस पर बहस व संयुक्त संसदीय जांच की मांग को लेकर सप्ताह भर से अधिक समय से आंदोलन छेड़ रखा है और भारत के संसदीय इतिहास में अभूतपूर्व के तौर पर प्रधानमंत्री का नाम एक उद्योगपति के साथ जोड कर- 'मोदी अडानी एक हैं, एक हैं तो सेफ हैं।' का नारा लिखी जैकेटों को पहन कर संसद परिसर में प्रदर्शन किया है। उधर भाजपा के एक सांसद कहते हैं कि जब संसद का सत्र चलना होता है तभी इस तरह के आरोप विदेशों से आते हैं। अगर इसमें सच्चाई हो भी तो यह देखना होगा कि संसद में उठने के कारण मीडिया में ऐसे आरोपों की थोड़ी चर्चा हो भी जाती है अन्यथा जिस तरह बड़ा देसी मीडिया 'विपक्ष-विमुख' हो गया है उसमें तो ऐसे आरोप पर्दे के पीछे से ही कालातीत हो जाते।



बहस और जांच लोकतंत्र की आत्मा है। इन दोनों को हटा दीजिए तो शासन निरंकुश और तानाशाह हो जाता है। अब दुर्भाग्य यह है नारा लगाने और जैकेट धारण करने वाली कांग्रेस का खुद अपना अतीत ही ऐसे तमाम भ्रष्टाचारों (नरसिम्हाराव को याद करें) व तानाशाही हरकतों से भरा पड़ा है। सच तो यह है कि कांग्रेस या कहें कि इंडिया गठबंधन को अडानी से कोई दिक्कत नहीं है, बल्कि अडानी प्रसंग को वह एक तीर की तरह सत्तारुढ़ भाजपा पर चला रहे हैं। दिक्कत होती तो कांग्रेस शासित राज्यों में अडानी का कारोबार नए आयाम न छू रहा होता।

अडानी देश के शीर्ष व्यवसायी हैं। सरकार और भाजपा दोनों को उनमें अपनी-अपनी संभावनाएं दिखती हैं। विपक्ष का आरोप है कि वे प्रधानमंत्री के साथ विदेश यात्राएं करते हैं और प्रधानमंत्री विदेशों में उनके हितों की पैरवी करते हैं। केन्या, श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया और फ्रांस आदि ऐसे देश हैं, जहां प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद अडानी समूह को व्यापारिक अनुबंध प्राप्त हुए थे, लेकिन अब ये देश ऐसे अनुबंध को रद्द कर चुके या इसकी समीक्षा करने की कार्यवाही में है। जानकार लोग ये अनुमान भी लगा रहे हैं कि अमेरिका में अगले महीने होने वाले सत्ता परिवर्तन से अडानी समूह को राहत मिल सकती है। कहा यह भी जा रहा है कि ग्रीन एनर्जी के जिस मामले में अमेरिका अडानी समूह पर कार्यवाही कर रहा है, उसमें वह खुद भी एक खिलाड़ी है और ऐसा आरोप वह व्यावसायिक प्रतिद्वंदितावश कर रहा है। दुनिया में इधर ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में स्वीडन, डेनमार्क, जर्मनी, अमेरिका, स्पेन व पुर्तगाल जैसे कई देश काम कर रहे हैं और स्वाभाविक रूप से ही व्यावसायिक प्रतिद्वंदिता चल रही है।

सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कई अवसरों पर 'मेक इन इन्डिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' का नारा दिया लेकिन व्यवहार में इस नारे का प्रतिफलन सबसे ज्यादा अडानी समूह पर ही अवतरित हुआ दिखता है। यह समूह आज ऊर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक, खदान, उड्डयन, कृषि, रियल इस्टेट और टेलकॉम क्षेत्रों तक फैल गया है। आरोप जांच और राजनीति का विषय होते हैं, लेकिन अडानी की उद्यमिता से देश में रोजगार व कारोबार के अवसर पैदा हुए हैं, इससे इनकार नहीं किया जा सकता।

विश्व के कारोबारी चरित्र में परिवर्तन आया है। अब कुछ बड़े खिलाड़ी ही संचालक और निर्णायक बन रहे हैं। हमारे देश की बाजारु निर्भरता चीन पर बढ़ती जा रही है। बीते साल भारत और चीन का व्यवसाय 118 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रहा है। भारत में वैसे तो सारा घरेलू बाजार चीनी सामानों से पटा हुआ है, क्योंकि ये सामान काफी सस्ते होते हैं, पर मुख्य रुप से दवाओं के यौगिकों, टेलीकम्यूनिकेशन व इलेक्ट्रानिक सामान आदि के लिए हम एकदम से चीन पर निर्भर हैं। दवा कंपनियों की तो हालत यह है कि वे अपने यौगिकों, जिन्हें एपीआई कहा जाता है, का 66 प्रतिशत चीन से आयात करती हैं। यही हाल देश की इलेक्ट्रॉनिक जरूरतों का है, जिसका लगभग 44 प्रतिशत हम चीन से मंगाते हैं, जो सुरक्षा कारणों से एक गंभीर खतरा भी है। कहने का तात्पर्य यह है कि चीन से जिस तरह के हमारे जटिल और चिंताजनक राजनीतिक सम्बन्ध हैं उसे देखते हुए भारत में भी एक अपना 'अलीबाबा' होना ही चाहिए। संभव है कि प्रधानमन्त्री भी अडानी समूह को लेकर ऐसा ही सोचते हों। चीन पर निर्भरता को हम अपनी घरेलू उत्पादन क्षमता को बढ़ा कर ही कम कर सकते हैं। इसके लिए अपने देसी उद्यमियों को प्रोत्साहित करना होगा। इसके अलावा सिर्फ एक देश के बजाय अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन आदि से व्यापार बढ़ा कर ही हम आयात नीति में संतुलन बना सकते हैं।

संसद साल भर में सीमित अवधि के लिए चलती है और उसमें भी उसका एक लंबा हिस्सा हठधर्मिता और बहिर्गमन जैसे प्रसंगों में निकल जाना न सिर्फ चिंता का विषय है, बल्कि देश की संसदीय व्यवस्था और उसकी उपादेयता पर भी नए सिरे से सोचने को बाध्य करता है। विपक्ष अगर जांच या बहस की मांग करता है तो इसमें सरकार को आपत्ति क्यों होनी चाहिए? राजनीतिक दलों की बहस और सवालों के लिए ही तो संसदीय सत्र आहूत किए जाते हैं। जांच की स्थिति अब यहां तक आ गई है कि बार-बार सर्वोच्च न्यायालय को ही कमेटी बनानी पड़ रही है। यह स्थिति ठीक नहीं कही जा सकती

अमृतवाणी

## संघर्ष का महत्व

**एक** बार एक किसान परमात्मा से बड़ा नाराज हो गया। कभी बाढ़ आ जाए, कभी सूखा पड़ जाए, कभी धूप बहुत तेज हो जाए तो कभी ओले पड़ जाएं। हर बार कुछ ना कुछ कारण से उसकी फसल थोड़ी खराब हो जाए। एक दिन बड़ा तंग आ कर उसने परमात्मा से कहा, देखिये प्रभु,आप परमात्मा हैं, लेकिन लगता है आपको खेती बाड़ी की ज्यादा जानकारी नहीं है, एक प्रार्थना है कि एक साल मुझे मौका दीजिये, जैसा मैं चाहूं वैसा मौसम हो, फिर आप देखना मै कैसे अन्न के भण्डार भर दूंगा। परमात्मा मुस्कुराये और कहा, ठीक है। अब, किसान ने गेहूं की फसल बोई, जब धूप चाही, तब धूप मिली, जब पानी चाही तब पानी। तेज धूप, ओले, बाढ़, आंधी तो उसने आने ही नहीं दी, समय के साथ फसल बढ़ी और किसान की खुशी भी, क्योंकि ऐसी फसल तो आज तक नहीं हुई थी। किसान ने मन ही मन सोचा। सल काटने का समय भी आया, किसान बड़े गर्व से फसल काटने गया, लेकिन जैसे ही फसल काटने लगा ,एकदम से छाती पर हाथ रख कर बैठ गया! गेहूं की एक भी बाली के अन्दर गेहूं नहीं था, सारी बालियां अन्दर से खाली थी, बड़ा दुखी होकर उसने परमात्मा से कहा, प्रभु ये क्या हुआ? तब परमात्मा बोले, ये तो होना ही था, तुमने पौधों को संघर्ष का जरा सा भी मौका नहीं दिया। ना तेज धूप में उनको तपने दिया, ना आंधी ओलों से जूझने दिया, उनको किसी प्रकार की चुनौती का अहसास जरा भी नहीं होने दिया, इसीलिए सब पौधे खोखले रह गए। जब आंधी आती है, तेज बारिश होती है ओले गिरते हैं तब पौधा अपने बल से ही खड़ा रहता है, वो अपना अस्तित्व बचाने का संघर्ष करता है और इस संघर्ष से जो बल पैदा होता है वो ही उसे शक्ति देता है, उर्जा देता है, उसकी जीवटता को उभारता है। इसी तरह जिंदगी में भी अगर संघर्ष ना हो, चुनौती ना हो तो आदमी खोखला ही रह जाता है, उसके अन्दर कोई गुण नहीं आ पाता।



तीखी नजर

## मुझ से भला न कोय



पूरन सरमा

**हो** सकता है दुनिया में और भी भले लोग हों, लेकिन मैंने इसे खोजने की आवश्यकता नहीं समझी। मुझे प्रारम्भ से ही लगता रहा कि तमाम ब्रह्माण्ड में मुझसे भला और कोई नहीं है। यह बात इसलिए भी सही है कि लोग मेरे बारे में यही कहते पाये जाते हैं कि बेचारा भला आदमी है। भले आदमी के मुझमें सभी गुण विद्यमान हैं। मेरे सामने किसी की यह हिम्मत नहीं होती कि मुझे गलत आदमी बता दे। बुरे आदमी की तो हालत यह है कि उसे खोजने की आवश्यकता ही नहीं है, एक ढूंढों हजार मिलते हैं। कदम-कदम पर डेरा डाले बैठे हैं। लेकिन मेरा जैसा भला अन्यत्र मिलना दुर्लभ है। यह कहिए कि यह प्रजाति लुप्तप्रायः हो गई है।


मेरे भले होने के अनेक कारण हैं। पहला कारण तो मेरी आर्थिक विषमता है। हो सकता था कि यदि मैं धनाढ्य होता तो फिर शायद मेरा भला बने रहना कठिन था। धनवान का सारा आचरण ही बदल जाता है। गरीब होने से मैं आचरण से शुद्ध बना रहा। सत्य को नहीं छिपाना भी भलाई में माना गया है और मैं ही पहला व्यक्ति हूं, जिसने यह बात सार्वजनिक रूप से स्वीकार की है। अन्यथा आजकल तो गरीबी के सताये भी टेढ़ी चाल चलने लगे हैं, जिसमें गरीबी की सीमारेखा के नीचे वालों के तो नखरे ही न्यारे हैं। दो रुपए किलो का गेहूं और तीन रुपए का चावल खाकर मद में चूर हैं।

धनबल के साथ-साथ मेरे पास अपना भुजबल भी नहीं है। भुजाओं में ताकत आज के युग की परम आवश्यकता है। चोरी, डकैती तथा अन्य अपराध इसी की देन हैं। भुजबल का तो अब उग्रवाद के रूप में अन्तर्राष्ट्रीयकरण हो चुका है। मैंने प्रारम्भ में अच्छे-से-अच्छा च्यवनप्राश खाया, लेकिन मैं स्वास्थ्य नहीं बना पाया और अन्त में इस निरीहता का नाम भले मानुष के रूप में मेरे साथ जुड़ गया। शारीरिक अक्षमता भला आदमी बनने में काफी कारगर रही, उसी की बदौलत आज मैं मनोबल के साथ यह कह पाता हूं कि मुझसे भला न कोय। इसलिए भलमनसाहत को मैंने वरदान के रूप में अंगीकार किया और उसका परिणाम यह है कि मैं चाहे विवशता में ही सही भला आदमी बना हुआ हूं।

अब भला रूप ही मेरी हर प्रकार से सहायता करता है। मैं शालीनता को तहेदिल से अपनाये हुए हूं, सबसे अच्छा व्यवहार रखता हूं, तो मेरे काम भी बन ही जाते हैं। जब काम बन जाता है, उल्लू सीधा हो जाता है तो भला बने रहने में भला आपत्ति क्या है? मौहल्ले में सब मेरा सम्मान करते हैं, ऐसा मुझे लगता है। एक-दो मित्रों ने मुझसे कहा भी कि भलापन बेवकूफी में गिना जाता है, इसीलिए इसे त्यागने में भलाई है। लेकिन उन्हें अपनी विवशताएं बताना मैं अपनी बेवकूफी मानता हूं। भले आदमी की अपनी मुसीबतें हो सकती हैं, लेकिन यह इमेज बनाने के बहुत काम आता है। महिलाएं मानती हैं कि भला आदमी है, इससे बात करने में कोई हर्ज नहीं है। चाहे जो हो, भलापन मैं छोड़ूंगा नहीं। जब मुझसे भला दूसरा कोई है ही नहीं तो गिनीज बुक में मेरा नाम दर्ज भले आदमी के रूप में हो जाए, इसकी जुगाड़ में मैं आजकल लगा हुआ हूं।

जयंती 10 दिसम्बर

# बापू के विवेक के रखवाले थे सी राजगोपालाचारी




**कृष्ण प्रताप सिंह**

> फिर एक ऐसा भी वक्त आया कि वे, जो नेहरू उन्हें राष्ट्रपति बनवाना चाहते थे, उनकी ही रीति-नीति के विकट आलोचक हो गए। इसके चलते नेहरू उत्तरी और वे दक्षिणी ध्रुव हो गए तो उन्होंने चार जून, 1959 को कांग्रेस से अलग होकर स्वतंत्र पार्टी का गठन किया।

**प्र**ख्यात वकील, प्रतिबद्ध लेखक, अनूठे हिंदी समर्थक, स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न, आधुनिक भारत के चाणक्य, 1946 में बनी देश की अंतरिम सरकार के उद्योग मंत्री, मद्रास से संविधान सभा के सदस्य, आजादी के बाद बंगाल के राज्यपाल, स्वतंत्र भारत के पहले और अंतिम भारतीय गवर्नरजनरल, जिन्होंने पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को शपथ दिलाई, फिर नेहरू कैबिनेट में बिना विभाग के और सरदार वल्लभभाई पटेल के निधन के बाद गृह विभाग के मंत्री रहे और अनंतर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और स्वतंत्र पार्टी के संस्थापक रहे। चक्रवर्ती राजगोपालाचारी के (जिन्हें आमतौर पर राजाजी के नाम से जाना जाता है और जिनकी असाधारण प्रतिभा, अप्रतिम ईमानदारी व निर्मल नैतिकता के कारण महात्मा गांधी उन्हें 'अपनी अन्तरात्मा के रक्षक' और 'विवेक के रखवाले' कहते थे) ऐसे एक नहीं, अनेक परिचय हैं। एक यह भी कि वे महात्मा के समधी हुआ करते थे।

1878 में 10 दिसंबर को यानी आज के ही दिन तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के थोरापल्ली में जन्मे राजाजी ने 1917 में वहां की सेलम नगरपालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव जीतकर सार्वजनिक जीवन शुरू किया और दो साल बीतते-बीतते 1919 में महात्मा गांधी के आग्रह पर अपनी जमी-जमाई वकालत छोड़कर आजादी की लड़ाई में प्रवृत्त हो गए। पीछे मुड़कर उसका नफा-नुकसान नहीं देखा, जबकि उस समय उन्हें वकालत से इतनी कमाई होती थी कि वे सेलम के पहले ऐसे वकील थे, जिसने कार खरीदी थी। उनके जीवन की राह बदलने में महात्मा गांधी के अस्पृश्यता उन्मूलन आंदोलन व हिंदू-मुस्लिम एकता के कार्यक्रमों ने निर्णायक भूमिका निभाई थी।

आगे चलकर महात्मा से उनकी नजदीकी इतनी बढ़ गई थी कि जब भी महात्मा को किसी गंभीर मसले में कोई सलाह लेनी होती, वे उन्हें ही याद करते। दोनों की इस नजदीकी की सबसे कड़ी परीक्षा तब हुई, जब राजाजी ने अपनी बेटी लक्ष्मी को महात्मा के वर्धा स्थित आश्रम में रहने भेजा। दरअसल, कुछ ही दिनों में लक्ष्मी व महात्मा के छोटे बेटे देवदास के बीच प्यार हो गया और उन्होंने परस्पर शादी करनी चाही। पहले तो महात्मा व राजाजी दोनों में से कोई भी इस अंतजार्तीय विवाह के लिए राजी नहीं हुआ, लेकिन बाद में उन्होंने प्रेमी जोड़े से कहा कि वे अगले 5 साल एक दूजे से अलग रहें। पांच साल के बिछोह के बाद भी उनका प्यार कायम रहा तो उनकी शादी कर दी जाएगी। अंततः 1933 में ऐसा ही हुआ और महात्मा व राजा जी समधी बन गए। गौरतलब है कि 1919 में राजाजी आजादी की लड़ाई में कूदे तो देश उस कुख्यात रोलेट एक्ट के खिलाफ आंदोलित था, जो गोरी सरकार को बिना किसी मुकदमे के स्वतंत्रता संघर्ष से जुड़े किसी भी व्यक्ति को देशद्रोही बताकर गिरफ्तार करने व जेल भेज देने का अधिकार देता था। राजाजी ने न सिर्फ इस कानून के विरुद्ध आंदोलन में बल्कि असहयोग आंदोलन, वायकोम सत्याग्रह और सविनय अवज्ञा आंदोलन में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और पांच बार जेल की यातनाएं भोगीं। अलबत्ता, 1937 के चुनावों के बाद वे मद्रास के प्रधानमंत्री (तब मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री कहलाते थे) बने, लेकिन 1939 में अंग्रेज वायसराय द्वारा एकतरफा निर्णय लेकर भारत को दूसरे विश्वयुद्ध में धकेल देने के विरोधस्वरूप पद छोड़ दिया और 1942 में 'अंग्रेजो! भारत छोड़ो' आंदोलन का विरोधकर कई देशप्रेमी हलकों को नाराज कर डाला।



आजादी मिली तो लार्ड माउंटबेटन के बाद उन्हें नवस्वतंत्र देश का गवर्नर-जनरल बनाया गया और वे 1950 तक इस पद पर रहे। इसी दौरान हुए पहले राष्ट्रपति चुनाव में प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के बजाय राजाजी को ही राष्ट्रपति बनवाना चाहते थे, लेकिन कांग्रेस के अंदर विरोध के कारण ऐसा नहीं कर पाए। तब कहा गया कि राजाजी नेहरू और सरदार पटेल की लड़ाई में नेहरू का मोहरा बनकर शहीद हो गए। लेकिन 26 जनवरी, 1950 को देश ने अपना संविधान लागूकर अपने संवैधानिक राजतंत्र नहीं रह जाने की घोषणा की तो राजाजी ने ही राजेंद्र प्रसाद को भारतीय गणराज्य के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई। बाद में नेहरू ने राजाजी को बिना पोर्टफोलियो का और सरदार पटेल के निधन के बाद गृहमंत्री बनाया।

फिर एक ऐसा भी वक्त आया कि वे, जो नेहरू उन्हें राष्ट्रपति बनवाना चाहते थे, उनकी ही रीति-नीति के विकट आलोचक हो गए। इसके चलते नेहरू उत्तरी और वे दक्षिणी ध्रुव हो गए तो उन्होंने चार जून, 1959 को कांग्रेस से अलग होकर स्वतंत्र पार्टी का गठन किया। इस नवगठित पार्टी ने 1962 के लोकसभा चुनाव में 18 लोकसभा सीटें जीतीं और बिहार, राजस्थान, गुजरात व उड़ीसा में कांग्रेस की मुख्य विपक्ष बन गई। 1967 के चुनाव में उसे इसकी दो गुनी से भी ज्यादा 44 लोकसभा सीटें मिलीं और वह कांग्रेस की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी कहलाने लगी। लेकिन 1971 के चुनाव में अप्रत्याशित रूप से उसे सिर्फ 8 सीटें मिलीं और वह पराभव की ओर बढ़ गई। दिसम्बर, 1972 में चेन्नई में राजाजी के निधन के महज दो साल बाद 1974 में उसका सफर एकदम से खत्म हो गया।

कई बार राजाजी का महात्मा गांधी से भी मतभेद हुआ। दूसरे विश्व युद्ध के शुरू में महात्मा का विचार था कि ब्रिटिश सरकार को इस युद्ध में केवल नैतिक समर्थन दिया जाए, जबकि राजाजी का मत था कि पूर्ण स्वतंत्रता की शर्त पर उसको हर संभव सहयोग दिया जाए। इस मतभेद को लेकर राजाजी ने कांग्रेस कार्यकारिणी की सदस्यता से त्यागपत्र भी दे दिया था।

## सार संक्षेप

### खेल विकास अधिनियम लागू करने वाला पहला राज्य बना पंजाब

**चंडीगढ़** : पंजाब में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक बड़े कदम में, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिह मान ने सोमवार को पंजाब राज्य (खेलों का विकास और प्रचार) अधिनियम, 2024 को लागू करने की मंजूरी दे दी, जिससे ऐसा करने वाला यह देश का पहला राज्य बन गया। खेल विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अच्छाइयों को अपनाना है। उन्होंने कहा कि इससे खेल संघों के कामकाज में पारदर्शिता के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने में भी काफी मदद मिलेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का निष्पक्ष चयन भी सुनिश्चित होगा। मान ने कहा कि इससे खेल संघों को सरकारी राशि का समुचित उपयोग करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अधिनियम के अनुसार, प्रत्येक जिले में एक विशेष खेल के लिए एक जिला एसोसिएशन को पंजीकृत किया जाएगा। अधिनियम में यह भी प्रावधान है कि चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा खातों का रखरखाव अनिवार्य होगा।

### सुदेवा की हार, नेशनल यूनाइटेड ने वायुसेना को रौंदा

**नई दिल्ली** : डीएसए प्रीमियर लीग में सोमवार को अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर दो अनोखे रिकॉर्ड बने। दिन के पहले मुकाबले में नेशनल यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब ने आठ खिलाड़ियों वाली भारतीय वायुसेना को 9-0 से रौंद डाला, जोकि लीग की सबसे बड़ी जीत है। दिन के दूसरे मैच में हिंदुस्तान फुटबॉल क्लब ने नामी सुदेवा दिल्ली फुटबॉल क्लब को 1 -0 से हरा कर लीग का सबसे बड़ा अपसेट कर डाला। एक पेनल्टी पर गलत निशाना लगाने और आखिरी मिनट में एक खिलाड़ी के लाल कार्ड देखने के बावजूद हिंदुस्तान ने सुदेवा को हरा कर ना सिर्फ महत्वपूर्ण अंक जुटाए, सुदेवा दिल्ली को हैरान भी किया। विजेता टीम का गोल कीलोंग लालबोलेन ने नौवें मिनट में किया। आठ खिलाड़ियों वाली वायुसेना टीम के विरुद्ध प्लेयर ऑफ द मैच सेमान विश्वास ने तिकड़ी जमाई, धना चंद्रा ने दो और कोम, आशीष क्षेत्री, सनी और रोशन ने एक-एक गोल किए।

### जयपुर में महिला क्रिकेट लीग की ट्रॉफी का विमोचन

**जयपुर** : राजस्थान के जयपुर में अग्रवाल वैश्य जागरूक मंडल समिति देवी नगर के तत्वाधान में आठवें अग्र महिला क्रिकेट लीग (एएमपीएल-2025) का आयोजन 22 से 29 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष सुरेश लश्कारी ने बताया कि रेलवे ग्राउंड, गणपति नगर में आयोजित किया जाने वाली इस लीग की ट्रॉफी का अनावरण आज मुख्य संरक्षक, सुबोध सिंघल. संरक्षक रामस्वरूप मोर. शिवहरी अग्रवाल एवं अग्रवाल समाज की महिला टीमों द्वारा किया गया। एएमपीएल-2025 मे जयपुर की विभिन्न अग्रवाल समाज की 12 महिला टीमें भाग लेने की उम्मीद है।

### चंड़ीगढ़ को तीन रन से हराकर बंगाल एसएमएटी के क्वार्टर फाइनल में

**बेंगलुरु** : करण लाल (33), प्रदीप्त प्रमाणिक (30) और मोहम्मद शमी (नाबाद 32) की शानदार पारियों के बाद सायन घोष (चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की मदद से बंगाल ने सोमवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चंड़ीगढ़ को तीन रन से शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली हैं। बंगाल के 159 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी चंड़ीगढ़ की टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 20 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। अर्सलान खान (00) और शिवम भांबरी (14) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान मनन वोहरा (24),राज बावा (32), अर्मित लबाना (14), प्रदीप यादव (27), निखिल शर्मा (22) और जगजीत सिंह (12) रन बनाकर आउट हुये। चंड़ीगढ़ की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 156 रन ही बना सकी और तीन रन से मुकाबला हार गई। बंगाल की ओर से सायन घोष ने चार विकेट लिये। मोहम्मद शमी और शाहबाज अहमद को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### खो खो विश्वकप के लिए आज से शुरु होगा प्रशिक्षण शिविर

**नई दिल्ली** : भारत की मेजबानी में अगले महीने होने वाले खो खो विश्वकप के लिए राष्ट्रीय टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होगा। आज से शुरु हो रहे इस प्रशिक्षण शिवर में देश भर से चुने गए 60 लड़कियों और 60 लड़कों में टीम भावना विकसित करने, कौशल विकास, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन और टीम बॉन्डिग बढ़ाने के लिए गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। शिविर अनुभवी और नए युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल विषेशज्ञों द्वारा पोल डाइविग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि अन्य खो खो खेल की बारीकियां सिखाई जाएंगी।

# द. अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर

● कबेखा,

**केशव** महाराज के पंजे से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को श्रीलंका को 109 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ दो टेस्ट मैचों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफा कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

श्रीलंका ने सोमवार को पांच विकेट पर 205 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में केशव महाराज ने कुसल मेंडिस (46) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद 225 के स्कोर पर कगिसो रबाड़ा ने कप्तान धनंजय डीसिल्वा (50) को आउट को लगभग मैच से बाहर कर दिया था। इसके बाद मात्र 13 रन जोड़कर श्रीलंका ने अपने तीनों विकेट गवां दिये। प्रभात जयसूर्या (09), विश्वा फर्नांडो (05) और लाहिरू कुमारा (01) रन बनाकर आउट हुई। तीनों ही बल्लेबाजों को




केशव महाराज ने आउट किया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम 69.1 ओवर में 238 रन पर समेट

**दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका को 109 रनों से हराकर सीरीज में किया क्लीन स्वीप**

कर 109 रनों से मुकाबला जीत लिया। श्रीलंका ने पहली पारी में 358 रन बनाए। इस दौरान रिकल्टन और काइल वेरेन ने शतक लगाया। रिकल्टन ने 11 चौकों की मदद से 101 रन बनाए। जबकि वेरेन ने नाबाद 105 रन बनाए। कप्तान बावुमा ने 78 रनों का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 317 रन बनाए। इस दौरान बावुमा और एडिन मार्करम ने अर्धशतक लगाए। बावुमा ने 66 रन और मार्करम ने 55 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने पांच विकेट लिये। डेन पैटरसन और कगिसो रबाडा को दो-दो विकेट मिले। मार्को यानसन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में रायन रिकलटन (101) और काइल वेरेन (नाबाद 105) रनों की शतकीय और तेम्बा बवूमा (78) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 358 रनों का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में श्रीलंका ने पथुम निसंका (89), कमिंडु मेंडिस (48), मैथ्यूज (44), दिनेश चांदीमल (44) रनों के योगदान से 328 रनों का स्कोर बनाया था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में कप्तान तेम्बा बवूमा (60), एडन मारक्रम (55), ट्रिस्टन स्टब्स (47) और डेविड बेडिंघम (35) के योगदान से 317 का स्कोर बनाते हुए श्रीलंका को जीत के लिए 348 रनों का लक्ष्य दिया था। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को दूसरी पारी में 238 रन पर सिमेट का मुकाबला जीत लिया। मुकाबले में सात विकेट लेने वाले डेन पीटरसन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया है।

# गावस्कर ने रोहित शर्मा को दी सलाह



## बोले : रोहित को अगले मैचों में करनी चाहिए ओपनिंग

● एडिलेड,

**पूर्व** दिग्गज क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को अपने स्वाभाविक खेल के अनुसार आगामी मैचों में पारी की शुरुआत करनी चाहिए।

गावस्कर ने दिन-रात्रि टेस्ट में मिली भारतीय टीम की हार के बाद कहा कि मुझे लगता है कि अगले टेस्ट में रोहित को ही पारी की शुरुआत करनी चाहिए। मैं मानता हूं कि पहले टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के बीच 201 रनों की साझेदारी हुई थी। लेकिन इसके बाद लंबा गैप आया और रोहित ने मध्य क्रम में बल्लेबाजी की। मेरा मानना है कि भारत अगले टेस्ट में बहुत अच्छी बल्लेबाजी करेगा। ऐसे में रोहित नई गेंद से बल्लेबाजी करें यानि ओपनिंग करें, क्योंकि वही उनका स्वभाविक खेल है। उम्मीद है कि राहुल जब बल्लेबाजी करने आएंगे तो वे दूसरी नई गेंद के समय आएंगे। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने गावस्कर की बात काटते हुए कहा कि देखिए जो मैंने पर्थ में देखा उसमें दिखा कि केएल राहुल के पास बहुत अच्छी तकनीक है। वह ओपनिंग में बहुत अच्छे से खेल रहे थे, ऐसे



में मुझे नहीं लगता कि सीरीज के बीच में ऐसा कोई बदलाव किया जाना चाहिए। रवि शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा कि यही कारण है कि मैं उनको शीर्ष पर चाहता हूं, क्योंकि वहां पर वहां आक्रामक और प्रभावी रहते हैं। उसी शारीरिक भाषा देखकर लगा कि वह वहां पर अधिक ही शांत था। उन्होंने कहा कि तथ्य यह है कि उसने रन नहीं बनाए, मुझे नहीं लगता कि वह वहां पर अधिक मैदान पर था। मैं चाहता था कि वह वहां पर और अधिक जुड़े और अधिक उत्साहित हो।

# वेस्टइंडीज की जीत में चमके रदरफोर्ड

● बैसेतैरे, (सेंट किट्स),

**शरफेन** रदरफोर्ड (113) की आतिशी शतकीय और कप्तान शे होप (86) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश को पांच विकेट से हरा दिया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

बांग्लादेश के बनाये 294 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 27 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। ब्रैंडन किंग (09) और एविन लुइस (16) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद केसी कार्टी और कप्तान शे होप ने पारी को संभाने का प्रयास किया। 22वें ओवर में 94 रन के स्कोर पर रिशाद हुसैन ने केसी कार्टी (21) को आउट कर वेस्टइंडीज को तीसरा झटका दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये शरफेन रदरफोर्ड ने ना केवल पारी को संभाला, तेजी के साथ रन भी बटोरे। इन दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी हुई। 38वें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने शे होप को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। शे होप ने 88 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए (86) रनों की पारी



खेली। शरफेन रदरफोर्ड ने 80 गेंदों में सात चौके और आठ छक्के लगाते हुए (113) रन बनाये। जस्टिन ग्रीव्स (41) और रॉस्टन चेज (02) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने 47.4 ओवर में पांच विकेट पर 295 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। बांग्लादेश की ओर से तनजीम हसन साकिब, नाहिद राणा, रिशाद हुसैन, मेहदी हसन मिराज और सौम्य सरकार ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की

**जड़ा शतक, वेस्टइंडीज ने पहले वनडे में बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया**

शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 46 के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिये। सौम्य सरकार (19) और लिटन कुमार दास (02) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान मेहदी हसन मिराज ने तंजिद हसन के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिये 79 रन जोड़े। 24वें ओवर में अल्जारी जोसेफ ने तंजिद हसन (60) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अफिफ हुसैन ध्रुबो (28) और जाकेर अली (48) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान मेहदी हसन मिराज ने 101 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए 74 रनों की पारी खेली। महमुदउल्लाह (50) रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 294 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर रोमारियो शेफर्ड ने तीन विकेट लिये। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जेडेन सील्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# हरियाणा स्टीलर्स ने तेलुगू टाइटंस को 21 अंक से हराया

● पुणे, वार्ता

**प्लेऑफ** के दरवाजे पर खड़ी हरियाणा स्टीलर्स ने अपनी ताकत का नजारा पेश करते हुए बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में सोमवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 101वें मैच में तेलुगू टाइटंस को एकतरफा अंदाज में 46-25 से हरा दिया। 18 मैचों में हरियाणा की यह 14वीं जीत है जबकि टाइटंस को इतने ही मैचों में आठवीं हार मिली।

इस जीत के साथ हरियाणा ने 72 अंक के साथ तालिका में खुद को दूसरी टीमों से मीलों दूर कर दिया है। हरियाणा की जीत में शिवम पटारे (12) के साथ-साथ विनय (7), मोहम्मदरेजा शादलू (5), राहुल सेतपाल (4) और संजय (3) ने चमक दिखाई। दूसरी ओर, टाइटंस के लिए आशीष (13) और विजय (5) ही कुछ खास कर सके। विनय के ड्रीम फार्म की बदौलत हरियाणा ने तीन मिनट में ही 4-1 की लीड बना ली लेकिन आशीष ने हरियाणा के डिफेंस को भेदते हुए मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर 3-4 कर दिया। विनय ने अगली रेड पर भी बोनस लिया और फिर आशीष की अगली रेड पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला लेकिन फिर हरियाणा के डिफेंस ने मंजीत को घेरकर स्कोर 7-4 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले। हरियाणा की लीड 3 की बना रही। इसके बाद हरियाणा ने लगातार तीन अंक के साथ टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। फिर शिवम ने टाइटंस को आलआउट की ओर धकेल दिया और फिर 11वें मिनट में आलआउट ले 16-6 की लीड बना ली। ब्रेक के बाद हरियाणा ने लगातार तीन अंक के साथ लीड 13 की कर ली। बीते पांच मिनट में हरियाणा ने शून्य के मुकाबले 11 अंक हासिल किए। इस बीच शादलू ने प्रफुल्ल को लपक टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन कर दिया।

# लिरेन की वापसी, गुकेश को हराया

## वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप :12वीं बाजी के बाद स्कोर 6-6 से बराबरी, अब सिर्फ 2 गेम बाकी

● सिंगापुर,

**भारतीय** ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ 12वें गेम में हार का सामना करना पड़ा है। डिफेंडिंग चैंपियन लिरेन को 11वें गेम में हार मिली थी। उन्होंने अब सफेद मोहरों से जीत दर्ज की। 12वें गेम के बाद वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप फाइनल में स्कोर 6-6 से बराबरी पर पहुंच गया।

भारतीय ग्रैंड मास्टर गुकेश चैंपियन बनने से 1.5 अंक दूर है। रविवार तक 11 गेम के बाद गुकेश 6-5 से आगे थे। 11 में से 8 गेम ड्रॉ रहे थे, जबकि 2 में गुकेश और 1 में लिरेन को जीत मिली थी। अब लिरेन ने 12वां गेम जीता और स्कोर फिर बराबर कर दिया। 14 गेम के फाइनल में अब 2 ही गेम बाकी रह गए हैं। चैंपियन बनने के लिए खिलाड़ी 7.5 पॉइंट्स तक पहुंचना होगा। मंगलवार को रेस्ट डे है, इस दिन कोई गेम नहीं होगा। बुधवार और गुरुवार को दोनों प्लेयर्स के बीच फाइनल के बाकी 2 गेम होंगे। अगर 14 गेम खत्म होने के बाद भी नतीजा नहीं निकल सका तो टाई ब्रेकर का इस्तेमाल किया जाएगा। लगातार 7 ड्रॉ के बाद जीत मिली। रविवार को गुकेश को लगातार 7 मैच ड्रॉ खेलने के बाद लिरेन पर जीत मिली थी। दोनों के बीच एक दिन पहले शनिवार को 10वीं बाजी ड्रॉ रही थी। यहां वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप के फाइनल में लगातार 7वां और ओवरऑल 8वां ड्रॉ हुआ था। लिरेन ने पहला गेम जीता था,




जबकि गुकेश को तीसरे में जीत मिली थी। सबसे युवा वर्ल्ड चैंपियन बनेंगे गुकेश भारतीय स्टार गुकेश इस फाइनल को जीत लेते हैं, तो सबसे युवा वर्ल्ड चेस चैंपियन बन जाएंगे। गुकेश अभी 18 साल के हैं। इससे पहले गुकेश ने 17 साल की उम्र में फेडा कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट जीता था। तब भी वह इसे जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने थे।

# एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप सी में भारत को रखा

**ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश की टीमें भी है**

**कुआलालंपुर,** भारत को एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड के ग्रुप सी में हांगकांग, सिंगापुर और बांग्लादेश के साथ रखा गया है।

सोमवार को मलेशिया के एएफसी हाउस में आयोजित ड्रा में 24 टीमों को चार-चार के छह ग्रुप में बांटा गया। छह ग्रुप से केवल विजेता टीम ही एशियाकप के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वालीफायर फाइनल राउंड 25 मार्च 2025 और 31 मार्च 2026 के बीच होम-एंड-अवे प्रारूप में छह मैच दिनों में होगा। भारत पहली बार लगातार तीन एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य रखते हुए 25 मार्च 2025 को बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। ड्रॉ के बाद भारत के मुख्य कोच मनोलो मार्केज ने कहा कि हम पॉट वन टीम हैं और हमें यह दिखाने की जरूरत है



कि हम क्वालीफाई करने के लिए पसंदीदा क्यों हैं। ग्रुपों के बीच बहुत ज्यादा अंतर नहीं है। हर ग्रुप मुश्किल है। हांगकांग के खिलाड़ियों ने अपने कोच एशले वेस्टवुड के नेतृत्व में बहुत सुधार किया है। हम मार्च में सबसे पहले बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे, जो सैफ चैंपियनशिप में हमारे नियमित प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। हमारे पास छह गेम हैं और हमें एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए ग्रुप में शीर्ष पर बने रहना होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK